संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

25 फरवरी 2026, बुधवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 148

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

### राष्ट्रपति के दौरे को लेकर एयरपोर्ट के आसपास 'नो फ्लाइंग ज़ोन' घोषित

**रांची ।** आगामी 26 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित रांची आगमन और प्रस्थान को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। इसी क्रम में बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट की परिधि को अस्थायी रूप से 'नो फ्लाइंग ज़ोन' घोषित किया गया है। 26 फरवरी को सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक पाबंदी अनुमंडल दंडाधिकारी, बीएनएसएस की धारा-163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए यह आदेश जारी किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति 26 फरवरी को आएंगी रांची

**रांची ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 26 फरवरी को एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रही हैं। उनके आगमन और प्रस्थान को देखते हुए राजधानी रांची में व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। राष्ट्रपति रांची पहुंचने के बाद जमशेदपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर रांची सदर अनुमंडल दंडाधिकारी ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) की धारा-163 के तहत आदेश जारी करते हुए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट की पूरी परिधि को 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित कर दिया है। इस दौरान ड्रोन, पैराग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलून सहित सभी प्रकार के मानवरहित या हल्के विमानों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

### ईडी का कोयला घोटाले में एलबी सिंह को समन

**रांची ।** कोयला घोटाले की जांच में जुटी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनबाद के चर्चित कोयला कारोबारी एलबी सिंह को समन जारी किया है। उन्हें 27 फरवरी को रांची स्थित ईडी कार्यालय में उपस्थित होकर पूछताछ में शामिल होने का निर्देश दिया गया है। ईडी ने एलबी सिंह के भाई कुंभनाथ सिंह को भी 24 फरवरी को पूछताछ के लिए समन भेजा था, लेकिन वह निर्धारित तिथि पर ईडी कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए। उल्लेखनीय है कि कोयला घोटाले की जांच के दौरान ईडी ने एलबी सिंह, कुंभनाथ सिंह और अन्य संबंधित लोगों के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य और लेन-देन से जुड़े कागजात जब्त किए गए थे।

### हाईकोर्ट समेत सात अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी

**आसनसोल ।** कोलकाता हाई कोर्ट सहित राज्य की सात अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने से कोर्ट परिसरों में हड़कंप मच गया। सुरक्षा एजेंसियों ने सतर्कता बरतते हुए सभी जगहों पर सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बम से उड़ाने की धमकी के बाद कोलकाता सहित राज्य के पांच जिलों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। कोलकाता हाई कोर्ट के अलावा आसनसोल, दुर्गापुर, बहरमपुर, सिउड़ी, रामपुरहाट और अलीपुर अदालत को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिला है। आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के पुलिस उपायुक्त सेंट्रल ध्रुव दास ने बताया कि आसनसोल जिला अदालत में बम होने की सूचना मिलने के बाद बम निरोधक दस्ता (बम स्कॉवड) की टीम को बुलाया गया तथा अदालत के लगभग सभी हिस्सों की जांच पड़ताल की गई, लेकिन फिलहाल अभी तक कहीं पर भी विस्फोटक नहीं मिला है।

### व्हाट्सऐप ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि बिना स्पष्ट सहमति के डेटा साझा नहीं करेगा

**नई दिल्ली ।** देश की सबसे बड़ी मैसेजिंग ऐप्स में से एक व्हाट्सऐप ने प्राइवेसी मामले में सुप्रीम कोर्ट के सामने अपना रुख नरम किया है। कंपनी ने कहा है कि वह यूजर्स का डेटा उनकी स्पष्ट मंजूरी के बिना साझा नहीं करेगी और नियामकों के निर्देशों का पालन करेगी। इसे कंपनी का यू-टर्न माना जा रहा है, क्योंकि 2021 में लाई गई नई प्राइवेसी पॉलिसी को लेकर कंपनी पहले काफी आक्रामक रुख में थी। साल 2021 में व्हाट्सऐप ने अपनी नई प्राइवेसी पॉलिसी जारी की।

# झारखंड विधानसभा बजट सत्र : वित्त मंत्री ने 1,58,560 करोड़ का बजट किया पेश

- ➡ अबुआ बजट में शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और ग्रामीण विकास पर जोर
- ➡ हेमंत सरकार ने शिक्षा, सुरक्षा और गांवों के लिए खोला खजाना
- ➡ अबुआ बजट में युवा, महिला और ग्रामीणों का खास खयाल
- ➡ -शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और ग्रामीण विकास को मिली तवज्जो



संवाददाता

**रांची ।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के पांचवें दिन मंगलवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तिय वर्ष 26–27 के लिए सदन में एक लाख, 58 हजार 560 करोड़ का बजट पेश किया। यह पिछले वित्तिय वर्ष की तुलना में करीब नौ प्रतिशत अधिक है। यह उनका लगातार दूसरा बजट है। इस बजट को 'अबुआ दिशोम' बजट नाम दिया गया है। मंत्री ने अपने भाषण के दौरान कहा कि आज दिशोम गुरु की कमी खल रही है।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल उन्होंने 1,45,400 करोड़ रुपये का मूल बजट पेश किया था, जिसमें 91,741.53 करोड़ रुपये योजना मद के लिए और 17,073.61 करोड़ रुपये केंद्रीय योजनाओं से संबद्ध थे। इस बार बजट में सामाजिक क्षेत्र पर खास जोर दिया गया है।

वित्त मंत्री ने राधाकृष्ण किशोर ने सदन में कहा कि यह बजट झारखंडवासियों के चेहरे पर मुस्कान लाने वाला है। सरकार ने गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, ऊर्जा और शिक्षा क्षेत्रों को प्राथमिकता दी है।

गौरतलब है कि सदन जाने से पहले वित्त मंत्री को उनकी पत्नी ने दही-चीनी खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान वित्त सचिव प्रशांत कुमार भी मौजूद थे। वित्त मंत्री की पत्नी ने उम्मीद जताई कि पिछले बजट की तरह इस बार भी महिलाओं के हितों को विशेष महत्व दिया जाएगा।

सरकार का दावा है कि यह बजट सामाजिक सशक्तिकरण और समावेशी विकास को मजबूती देगा। गरीब, महिलाओं और कमजोर वर्गों को प्राथमिकता देने के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी अधिक फोकस किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि बजट में किए गए उपाय सीधे लोगों की जिंदगी में बदलाव लाने वाले हैं और राज्य में विकास की गति और मजबूती बढ़ाने में मदद करेंगे।

वित्त मंत्री ने सदन में बजट पेश करते हुए कहा कि यह बजट उन्होंने अपने गुरुजी को समर्पित किया है। 'किसी के पैरों पर गिरकर कुछ पाने से बेहतर है अपने पैरों पर चलकर कामयाबी हासिल करना। यह गरीबों के आंसू पोछने वाला बजट है।'

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि 'केंद्र के बिना विकास संभव नहीं। कर हिस्सेदारी का पांच हज़ार करोड़ और अनुदान का ग्यारह हज़ार करोड़ अब तक राज्य को नहीं मिला है। हमारे ऊपर जी रामजी योजना से लगभग पांच हजार करोड़ का प्रति वर्ष अतिरिक्त बोझ बढ़ जाएगा।'

उन्होंने कहा कि एक लाख 36 हजार करोड़ भी नहीं मिला। लेकिन हम अपने संसाधन से विकास करेंगे। ग्राम सभा हमने मजबूत किया। प्रथम चरण में धनबाद, गिरिडीह, जामताड़ा और खूंटी के सदर अस्पतालों को पीपीपी मोड में विकसित कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनाया जाएगा। दूसरे चरण में साहिबगंज और सरायकेला के सदर अस्पतालों को पीपीपी मोड में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के रूप में विकसित किया जाएगा।

## बजट में हर वर्गों का रखा गया है ख्याल जमीन पर दिखेगा परिणाम : हेमंत सोरेन

**रांची ।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वित्त मंत्री ने राज्य के बेहतर विकास को लेकर पूरी पारदर्शिता के साथ बजटीय प्रावधानों को सदन पटल पर लाया है। इस बजट में राज्य सरकार ने हर वर्ग के लोगों के साथ-साथ हर किसी की भावनाओं का ख्याल रखते हुए बजट पास किया है। जमीनी स्तर पर इसका जल्द परिणाम दिखने को मिलेगा, ताकि राज्य का सर्वांगिण विकास हो सके। सोरेन मंगलवार को विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सदन के अंदर जिस बजट की कॉपी को रखी गई। मीडिया के माध्यम से उसे सार्वजनिक किया गया है। बजट में लाई गई हर चीजों को जमीनी स्तर पर उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसी को नजर अंदाज नहीं किया है। उन्होंने एयर एंबुलेंस के जरिए इलाज कराने के दौरान विमान हादसे पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि बेहतर इलाज करवाने के लिए सवार लोगों ने एयर एंबुलेंस किया था। लेकिन दुर्भाग्यवश जानें चली गई। लेकिन सारी चीजों की सूचना जबसे मिली है प्रशासन हरकत में है। सकारात्मक कदम उठाई जा रही है।

## 100 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खुलेंगे

**रांची ।** झारखंड में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े फैसलों की तैयारी है। राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 में 100 नए सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्ट विद्यालय) खोलने जा रही है। इन स्कूलों की पहचान की जा चुकी है और प्रस्ताव को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की मंजूरी भी मिल चुकी है। अब इसे कैबिनेट की स्वीकृति के लिए रखा जाएगा। बताया जा रहा है कि इन स्कूलों के विकास के लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के पास पहले से ही राशि उपलब्ध है, इसलिए इन्हें बजट दस्तावेज में अलग से शामिल नहीं किया गया। राज्य सरकार सरकारी व सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाली करीब 12 लाख छात्राओं को सेनेटरी पैड उपलब्ध कराएगी। इस योजना पर लगभग 100 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में शुरू होने वाली इस योजना को विकास आयुक्त की अध्यक्षता वाली प्राधिकृत समिति से मंजूरी दी जाएगी। चूंकि विभागीय निर्णय बजट तैयार होने के बाद लिया गया, इसलिए इसके लिए पहले अनुपूरक बजट में राशि का प्रावधान किया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार, 2026-27 के बजट में स्कूली शिक्षा विभाग की कोई नई योजना शामिल नहीं की गई है।

## बजट की प्रमुख घोषणाएं

1. पांच झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय बनाए जाएंगे इसमें धनबाद में दो तथा पलामू, लातेहार एवं गढ़वा में एक-एक होंगे।
2. 100 नए सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस बनाए जाएंगे
3. शहीदों के आश्रितों के लिए आदर्श विद्यालय खुलेंगे
4. एनईपी के तहत क्लास 1 और 2 को नई किताबें दी जाएंगे
5. चतरा में डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी
6. व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए कॉलेज खोले जाएंगे प्रथम चरण में 7 जिलों में 12 कॉलेज शुरू किए जाएंगे
7. प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कोऑपरेटिव मार्केटिंग कंपलेक्स सह सोलर पैनल आधारित गोल्ड रूम बनाया जाएगा
8. पलाश मार्ट के डेवलपमेंट पर 66 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे
9. पलामू जिला के पांकी, पाटन, तहसील एवं मनातू प्रखंड के 12856 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा
10. मईयां सम्मान योजना के लिए 14 हजार 65 करोड़ 57 लख रुपए दिए गए
11. 1100 आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जाएंगे। इसके लिए 176 करोड रुपए आवंटित किए गए
12. उत्थान योजना के तहत आदिम जनजाति तथा टाना भगत के 60 छात्रों को झारखंड रक्षा विश्वविद्यालय में मैनेजमेंट में 3 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स कराया जाएगा
13. कैंसर मरीजों के लिए सभी पांच सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पेट और सिटी स्कैन मशीन लगाए जाएंगे
14. राज्य के सभी 24 जिला सदर अस्पताल में मैमोग्राफी मशीन लगाया जाएगा
15. सभी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कैथलैब डेवलप किए जाएंगे
16. लातेहार साहिबगंज एवं सरायकेला खरसावां के सदर अस्पतालों को पीपीपी मोड में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बदला जाएगा
17. सरकारी मेडिकल कॉलेज में 220 एमबीबीएस सीट में बढ़ोतरी तथा आगामी 4 वर्षों में एमबीबीएस सीट को 1030 से बढ़ाकर दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया
18. वर्तमान में पीजी सीट 225 को अगले वर्ष 325 तथा 4 वर्षों में 750 करने का लक्ष्य
19. राज्य में 750 अवा दवाखाना खोले जाएंगे

# दुमका में अपराधियों ने मजदूर संघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष को मारी गोली

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** झारखंड के दुमका में मंगलवार सुबह करीब 6 बजे उस समय सनसनी फैल गई, जब बाइक सवार दो अपराधियों ने बस एजेंट अरुण सिंह को डीआईजी कार्यालय के समीप गोली मार दी। अरुण सिंह अपने घर से बस स्टैंड की ओर जा रहे थे, तभी हमलावरों ने पीछे से आकर फायरिंग कर दी। एक गोली उनकी पीठ में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।



स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दुर्गापुर रेफर किया गया। वर्तमान में उनका इलाज दुर्गापुर के मिशन अस्पताल में चल रहा है और उन्हें खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और हमलावरों की पहचान करने में जुटी है। घटनास्थल से दो जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि अरुण सिंह पर यह तीसरा जानलेवा हमला है। इससे पहले भी उन पर 1999 और 2024 में हमले हो चुके हैं। घटना के विरोध में बस स्टैंड परिसर में मजदूर संघ और दुकानदारों ने बैठक कर 24 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

शहर के संवेदनशील इलाके में दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# झारखंड बजट 2026-27 में ग्लास ब्रिज, रोपवे और स्काईवॉक से बदलेगा पर्यटन का नक्शा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची ।** झारखंड विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पर्यटन, खेल और संस्कृति को नई रफ्तार देने की बड़ी घोषणाएं कीं। सरकार ने पर्यटन विभाग के लिए 361.67 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जिसका उद्देश्य राज्य में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार और नए आकर्षण विकसित करना है। राजधानी रांची के प्रसिद्ध दशम जलप्रपात पर ग्लास ब्रिज का निर्माण प्रस्तावित है। वहीं जोन्हा जलप्रपात पर ग्लास ब्रिज के साथ रोपवे और हुंडरू जलप्रपात पर रोपवे निर्माण व विकास कार्य कराए जाएंगे। इन परियोजनाओं से रोमांचक पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। रामगढ़ जिले में स्थित रजरप्पा मंदिर क्षेत्र के समग्र विकास की योजना बनाई गई है। साथ ही पतरातू जलाशय में स्काईवॉक, सोलर बोट और फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की स्थापना का प्रस्ताव है, जिससे यह क्षेत्र आधुनिक पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा। प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध नेतरहाट में कोयल व्यू प्वाइंट पर ग्लास वॉच टावर और मैगनोलिया प्वाइंट पर स्काईवॉक बनाया जाएगा। देवघर के पुनासी डैम तथा पलामू के मलय डैम के पर्यटन विकास की भी घोषणा की गई है। चतरा जिले के कोलेश्वरी पहाड़ में रोपवे निर्माण का प्रस्ताव है। इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के तहत खूंटी जिले के पेरवाघाघ जलप्रपात और पांडू-पुडिंग पिकनिक स्थल को पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित किया जाएगा। खनन पर्यटन के विकास के लिए इंडिया टूरिज्जम डेवलपमेंट कॉरपोरेशन और सीसीएल के साथ एमओयू किया जाएगा।

खेल क्षेत्र में भी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र और 102 डे बोर्डिंग केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा गया है। गिरिडीह के बेंगाबाद (मौजा कर्णपुरा) में आउटडोर स्टेडियम तथा दुमका के कमार दुधानी में आठ लेन के सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक की स्वीकृति दी गई है।

# झारखंड सरकार और पंजाब नेशनल बैंक के बीच सरकारी कर्मचारियों के वेतन खाता पैकेज को लेकर हुआ एमओयू

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड सरकार और पंजाब नेशनल बैंक के बीच सरकारी कर्मचारियों के वेतन खाता पैकेज को लेकर मंगलवार को एमओयू हुआ। इस मौके पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक एवं राज्य सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ है। पंजाब नेशनल बैंक आज राज्य सरकार के साथ एक नए अध्याय के रूप में जुड़ रहा है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनमानस के साथ-साथ राज्य सरकार में कार्यरत कर्मचारियों की आर्थिक लेन-देन की कड़ी में बैंक की अहम भूमिका होती है। वर्तमान समय में व्यवसाय,कृषि,ग्रामीण विकास सहित हरेक क्षेत्र में बैंक की बड़ी भूमिका होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी कार्यों के साथ-साथ कई संस्थानों की कुछ सामाजिक जिम्मेदारियां भी होती हैं, इसी क्रम में आज राज्य सरकार एवं पंजाब नैशनल बैंक के बीच एक एमओयू हस्ताक्षर हुआ है। इससे पहले भी राज्य सरकार एवं अन्य बैंकों के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर हुए हैं और उक्त एमओयू के अनुरूप कार्यों को आगे बढ़ाया भी जा रहा है। मुझे विश्वास है कि जिस उद्देश्य से पंजाब नेशनल बैंक राज्य सरकार के साथ जुड़ी है उस उद्देश्य और कर्तव्य को सफलता पूर्वक पूरा करेगी। राज्य सरकार एवं पंजाब नेशनल बैंक के बेहतर समन्वय का लाभ राज्य सरकार के कर्मचारियों सहित आम जनमानस को भी मिलेगा।

यह बातें श्री सोरेन ने झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित झारखंड सरकार एवं पंजाब नैशनल बैंक के मध्य राज्य सरकार कर्मचारियों के वेतन खाता पैकेज का समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह में अपने संबोधन में कही। मुख्यमंत्री ने अपनी ओर से एमओयू हस्ताक्षर समारोह में उपस्थित पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारियों एवं कर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# एयर एम्बुलेंस दुर्घटना की होगी उच्च स्तरीय जांच : स्वास्थ्य मंत्री

संवाददाता

**चतरा/रांची ।** झारखंड के चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र में एयर एंबुलेंस क्रैश में सात लोगों की मौत के बाद राज्य सरकार सक्रिय हो गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी मंगलवार को चतरा सदर अस्पताल पहुंचे और स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। स्वास्थ्य मंत्री ने जिला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और सिविल सर्जन के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक तौर पर मामला विमानन सुरक्षा मानकों और उड़ान संचालन प्रक्रिया से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। विशेषज्ञ टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। मंत्री ने बताया कि ब्लैक बॉक्स, फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) की गहन जांच



की जाएगी। इसके साथ ही मौसम की स्थिति, एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संवाद, विमान के मेंटेनेंस रिकॉर्ड और पायलटों के अनुभव की भी जांच होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चतरा के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि तकनीकी जांच के लिए दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम पहुंचेगी, जो ब्लैक बॉक्स बरामद करने का प्रयास करेगी, ताकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

# विधानसभा में बालू घाटों की कैटेगरी पर बहस

## मंत्री ने कहा-ग्रामसभा की अनुमति अनिवार्य

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन कोलेबिरा से कांग्रेस विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने बालू घाटों की कैटेगरी व्यवस्था को लेकर सरकार से जवाब मांगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासनकाल में बालू घाटों को अलग-अलग कैटेगरी में विभाजित किया गया था। पेशा नियमावली का हवाला देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामसभा की सहमति के बिना किसी भी प्रकार की टेंडर प्रक्रिया नहीं की जा सकती। विधायक ने सवाल उठाया कि क्या सरकार कैटेगरी-वन और कैटेगरी-टू की व्यवस्था समाप्त कर पूर्व की तरह बिना कैटेगरी का नियम लागू करने पर विचार कर रही है। इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने बताया कि पहले बालू घाट बिना कैटेगरी के लघु खनिज के अंतर्गत आते थे, लेकिन अब उन्हें श्रेणीबद्ध किया गया है। उन्होंने कहा कि नई नियमावली के तहत अनुसूचित क्षेत्रों में ग्रामसभा की अनुमति के बिना कोई भी खनिज पट्टा जारी नहीं किया जा सकता।

मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि झारखंड रेत खनन खनिज नियम के अनुसार, बालू घाटों की नीलामी जिला स्तर पर टेंडर प्रक्रिया से की जाती है। किसी भी बालू घाट की लीज ग्रामसभा की अनुमति के बिना जारी नहीं होगी।

हालांकि विधायक कोनगाड़ी ने दोहराया कि उनका मुख्य प्रश्न यह है कि सरकार कैटेगरी व्यवस्था को समाप्त करना चाहती है या नहीं। उन्होंने कैटेगरी-टू के टेंडर शर्तों में अनुसूचित क्षेत्रों की आदिवासी समितियों के खनन अधिकारों के हनन का मुद्दा भी उठाया।

मंत्री ने जवाब में कहा कि कैटेगरी-वन के अंतर्गत बालू खनन का अधिकार सीधे ग्राम समिति को दिया जा रहा है।

इस बीच सारठ विधानसभा क्षेत्र से विधायक उदय शंकर सिंह ने सदन में सारठ में इंडोर स्टेडियम निर्माण की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इंडोर स्टेडियम देवघर में स्थित है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को असुविधा होती है। इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि विधायक देवघर के उपायुक्त के साथ समन्वय कर भूमि उपलब्ध कराने की पहल करें। जमीन उपलब्ध होते ही सरकार सारठ में इंडोर स्टेडियम के निर्माण की प्रक्रिया शुरू करेगी।

## ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग को 12,347 करोड़ रुपये का बजट : दीपिका पांडेय

संताल एक्सप्रेस



**रांची।** झारखंड में ग्रामीण विकास कार्य एवं पंचायती राज विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्रामीण विकास विभाग का बजट बढ़ाकर 12,347 करोड़ रुपये कर दिया गया है। यह बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने, आजीविका सृजन, आवास योजनाओं, स्वयं सहायता समूहों और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों को गति प्रदान करने में सहायक होगा।मंत्री मंगलवार को विधानसभा परिसर में संवाददाताओं से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि गांवों की तस्वीर बदलने और ग्रामीणों के जीवन में ठोस सुधार लाने के उद्देश्य से सरकार लगातार प्रयासरत है, ताकि झारखंड देश के मानचित्र पर एक सशक्त और समृद्ध राज्य के रूप में स्थापित हो सके।मंत्री ने बताया कि केवल ग्रामीण कार्य विभाग का बजट 4,576 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5,081 करोड़ रुपये किया गया है। यह राशि ग्रामीण सड़कों, पुल-पुलियों और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने में खर्च की जाएगी। इससे दुर्गम गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।उन्होंने बताया कि पंचायती राज विभाग का बजट 2,144 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2,283 करोड़ रुपये किया गया है। यह प्रावधान पंचायतों को सशक्त बनाने, पंचायत सचिवालयों को मजबूत करने और स्थानीय स्वशासन को प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।मंत्री ने कहा कि महिलाओं के लिए संचालित 250 योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकार ने इस बार लगभग 34,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। जेंडर बजटिंग को 35 प्रतिशत तक ले जाकर महिलाओं को बराबरी के साथ आगे बढ़ाने का स्पष्ट संकल्प दर्शाया गया है।वहीं, बच्चों के बजट के तहत 132 योजनाओं के लिए 10 प्रतिशत से अधिक, यानी 10,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि निर्धारित की गई है।मंत्री ने कहा कि यह बजट पूरी तरह समावेशी है, जो महिलाओं, बच्चों और ग्रामीण समाज को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है।

## बजट में महिला सशक्तिकरण बाल कल्याण पर जोर : विनोद पांडेय

संताल एक्सप्रेस



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केन्द्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के आरोपों को निराधार और भ्रामक बताया है। उन्होंने मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि जिस बजट को भाजपा दिशाहीन बता रही है, उसमें महिला सशक्तिकरण के लिए 34,211 करोड़ रुपये का जेंडर बजट और बच्चों के कल्याण के लिए 10,793 करोड़ रुपये का बाल बजट प्रावधान है। लेकिन भाजपा जानबूझकर गुमराह करने का काम कर रही है।पांडेय ने कहा कि ग्रामीण सड़क निर्माण के लिए 1,000 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत 730 करोड़ रुपये तथा स्थानीय निकायों को 1,172 करोड़ 66 लाख रुपये का अनुदान दिया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में दशम, जोन्हा और हुण्डरू जलप्रपात सहित प्रमुख स्थलों के विकास की योजनाएं शामिल हैं। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के माध्यम से 1.24 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनसे लगभग 45 हजार रोजगार सृजन की संभावना है।पांडेय ने कहा कि यह बजट बिचौलियों के बजाय सीधे आम जनता को सशक्त करता है। धान खरीद, छात्रवृत्ति, पेंशन और गैस सिलेंडर जैसे मुद्दों पर फैलाए जा रहे भ्रम का जवाब इसी बजट में निहित है। उनके अनुसार, भाजपा के पास गांवों और महिलाओं के विकास का कोई ठोस वैकल्पिक विजन नहीं है।

## विधानसभा में बालू घाटों की कैटेगरी पर बहस मंत्री ने कहा-ग्रामसभा की अनुमति अनिवार्य

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन कोलेबिरा से कांग्रेस विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने बालू घाटों की कैटेगरी व्यवस्था को लेकर सरकार से जवाब मांगा।उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में बालू घाटों को अलग-अलग कैटेगरी में विभाजित किया गया था। पेशा नियमावली का हवाला देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामसभा की सहमति के बिना किसी भी प्रकार की टेंडर प्रक्रिया नहीं की जा सकती। विधायक ने सवाल उठाया कि क्या सरकार कैटेगरी-वन और कैटेगरी-टू की व्यवस्था समाप्त कर पूर्व की तरह बिना कैटेगरी का नियम लागू करने पर विचार कर रही है।इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने बताया कि पहले बालू घाट बिना कैटेगरी के लघु खनिज के अंतर्गत आते थे, लेकिन अब उन्हें श्रेणीबद्ध किया गया है। उन्होंने कहा कि नई नियमावली के तहत अनुसूचित क्षेत्रों में ग्रामसभा की अनुमति के बिना कोई भी खनिज पट्टा जारी नहीं किया जा सकता।मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि झारखंड रेत खनन खनिज नियम के अनुसार, बालू घाटों की नीलामी जिला स्तर पर टेंडर प्रक्रिया से की जाती है। किसी भी बालू घाट की लीज ग्रामसभा की अनुमति के बिना जारी नहीं होगी।हालांकि विधायक कोनगाड़ी ने दोहराया कि उनका मुख्य प्रश्न यह है कि सरकार कैटेगरी व्यवस्था को समाप्त करना चाहती है या नहीं। उन्होंने कैटेगरी-टू के टेंडर शर्तों में अनुसूचित क्षेत्रों की आदिवासी समितियों के खनन अधिकारों के हनन का मुद्दा भी उठाया।मंत्री ने जवाब में कहा कि कैटेगरी-वन के अंतर्गत बालू खनन का अधिकार सीधे ग्राम समिति को दिया जा रहा है।सारठ में इंडोर स्टेडियम निर्माण की मांगइस बीच सारठ विधानसभा क्षेत्र से विधायक उदय शंकर सिंह ने सदन में सारठ में इंडोर स्टेडियम निर्माण की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इंडोर स्टेडियम देवघर में स्थित है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को असुविधा होती है।इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि विधायक देवघर के उपायुक्त के साथ समन्वय कर भूमि उपलब्ध कराने की पहल करें। जमीन उपलब्ध होते ही सरकार सारठ में इंडोर स्टेडियम के निर्माण की प्रक्रिया शुरू करेगी।

## जुगसलाई निकाय चुनाव रद्द करने की हुई मांग



**जमशेदपुर।** जुगसलाई नगर परिषद अध्यक्ष पद को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के बीच उत्सुकता के साथ-साथ आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है।मंगलवार को भाजपा समर्थित अध्यक्ष पद की प्रत्याशी रिंकू सिंह अपने समर्थकों के साथ प्रखंड कार्यालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस पहुंचीं और चुनाव रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके प्रतिद्वंदी प्रत्याशी नौशीन खान के समर्थकों ने कई मतदान केंद्रों पर गड़बड़ी की गई है। रिंकू सिंह का कहना है कि उनके पोलिंग एजेंटों के साथ मारपीट की गई और कुछ बूथों पर मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विरुद्ध बताते हुए चुनाव आयोग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर चुनाव रद्द करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो वे आगे भी आंदोलन करेंगी।दूसरी ओर, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष और प्रत्याशी नौशीन खान के पति हिदायतुल्लाह खान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने जानबूझकर बूथों पर अवरोध उत्पन्न कर चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी को चुनाव प्रक्रिया का सम्मान करना चाहिए और अनावश्यक विवाद से बचना चाहिए। हिदायतुल्लाह खान ने अपने समर्थकों और टीम के सदस्यों के प्रति आभार जताते हुए दावा किया कि जनता का समर्थन उनके साथ है और उन्हें अपनी जीत पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि अब केवल आधिकारिक परिणाम की घोषणा शेष है।

# राज्य सरकार का बजट दिशाहीन और तथ्यहीन : आदित्य साहू

संताल एक्सप्रेस



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने राज्य सरकार की ओर से विधानसभा में पेश किए गए बजट को दिशाहीन और तथ्यहीन करार दिया है।रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि 1.58 लाख करोड़ रुपये का बजट केवल गोलमटोल आंकड़ों का प्रस्तुतीकरण है, जिसमें राज्य के विकास का कोई स्पष्ट विजन नजर नहीं आता। उन्होंने इसे रंगहीन और खुशबू विहीन बजट बताया।आदित्य साहू ने कहा कि बजट भाषण के दौरान ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वित्त मंत्री आधे मन से भाषण पढ़ रहे थे।उन्होंने आरोप लगाया कि वित्त मंत्री पहले स्वयं कह चुके हैं कि उन्हें बजट की जानकारी नहीं दी गई, जबकि अब उसे आदर्श बजट बताया जा रहा है। साहू ने कहा कि यह समझ से परे है कि सरकार किस दिशा में काम कर रही है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार 1.36 लाख करोड़ रुपये के बकाया की बात बार-बार करती है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं करती कि यह राशि कब और किस मद में बकाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस मुद्दे को अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए उठा रही है।आदित्य साहू ने कहा कि सरकार बजट को बाल बजट बता रही है, लेकिन राज्य के हजारों लापता बच्चों का कोई जिक्र नहीं है। थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने जैसी गंभीर घटनाओं पर भी कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि जेंडर बजट की बात तो की जा रही है, लेकिन महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों की रोकथाम के लिए कोई ठोस योजना नहीं दिखती।आदित्य साहू ने आरोप लगाया कि सरकार ने 3200 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदने का वादा किया था, लेकिन 2450 रुपये भी किसानों तक नहीं पहुंच पाए। इसके अलावा 400 रुपये में गैस सिलेंडर देने की घोषणा का भी बजट में कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं होने का आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि सरकार पैसों की कमी न होने की बात करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर घोषणाओं को लागू करने में पूरी तरह विफल रही है।

### निकाय चुनाव मतगणना बीच में रोके नहीं राज्य सरकार : अध्यक्ष

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने राज्य सरकार पर मतगणना प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान में पराजित सरकार अब मतगणना के दौरान गड़बड़ी की योजना बना रही है।आदित्य साहू ने बयान जारी कर कहा कि रात 8 बजे मतगणना रोककर उसे अगले दिन पूरा करने का निर्णय संदेह पैदा करता है। उन्हें ऐसी सूचनाएं मिल रही हैं कि कई कैमरे सही ढंग से काम नहीं कर रहे हैं। आदित्य साहू ने आरोप लगाया कि राज्य में पहले कोयला और बालू चोरी की घटनाएं सामने आती रही हैं और अब वोट चोरी का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग से आग्रह किया कि मतगणना की प्रक्रिया को बीच में न रोका जाए और इसे एक ही दिन में पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से पूरा किया जाए, ताकि किसी प्रकार की शंका की गुंजाइश न रहे।

## नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और सभी विपक्षी दलों ने की बजट की आलोचना

संताल एक्सप्रेस







**रांची।** झारखंड विधानसभा में पेश किए गए राज्य बजट को लेकर विपक्षी नेताओं ने सरकार पर तीखे सवाल उठाए हैं। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक सरयू राय और जेएलकेएम के विधायक जयराम महतो ने बजट को अव्यावहारिक, निराशाजनक और केवल कागजी घोषणाओं तक सीमित बताया है।झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बजट राशि के प्रभावी उपयोग में विफल रहने का आरोप लगाया है।मंगलवार को विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ष बड़ा बजट पेश करती है, लेकिन उसे समय पर और प्रभावी तरीके से खर्च नहीं कर पाती। कई विभागों में आवंटित राशि लंबित रह जाती है, जिससे विकास कार्य अधूरे रह जाते हैं।मरांडी ने कहा कि राज्य में आज भी लोग सड़क, नाली, पेयजल और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सरकार आंकड़ों का खेल खेल रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार अपनी प्रशासनिक कमजोरियों को छिपाने के लिए केंद्र सरकार पर दोष मढ़ती है।सरयू राय ने बजट को बताया निराशाजनक विधायक सरयू राय ने राज्य सरकार के बजट को निराशाजनक करार दिया। उन्होंने कहा कि इसमें कोई नई सोच या ठोस पहल नजर नहीं आती और यह मूल रूप से पिछले बजट की पुनरावृत्ति प्रतीत होता है।विधानसभा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि पुराने प्रावधानों को नए शब्दों में प्रस्तुत किया गया है, लेकिन इसमें दूरगामी और प्रभावी योजनाओं का अभाव है। उन्होंने कहा कि राज्य को ऐसे बजट की आवश्यकता है, जो वास्तविक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करे और आर्थिक अनुशासन के साथ विकास की स्पष्ट रूपरेखा दे।सिर्फ कागजों में लोकलुभावन बजट : जयराम महतोझारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के विधायक जयराम महतो ने भी बजट पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे कागजों पर लोकलुभावन बजट बताया। उन्होंने कहा कि बजट में आकर्षक घोषणाएं और बड़ी योजनाएं जरूर दिखाई देती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका असर नजर नहीं आता। उन्होंने सरकार से पिछले बजट की राशि के खर्च का श्वेत पत्र जारी करने की मांग की, ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके और जनता के सामने वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो।

# लोकतंत्र का काला अध्याय है निकाय चुनाव की कुव्यवस्था और साजिश : संजय सेठ

### मतदान में हुई कुव्यवस्था और साजिश की जांच कराए चुनाव आयोग

संताल एक्सप्रेस




**रांची।** झारखंड के लोकतांत्रिक इतिहास को जब भी याद किया जाएगा, नगर निकाय चुनाव 2026 सबसे कुव्यवस्थित चुनाव के रूप में याद किया जाएगा। उक्त बातें रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने आज अपना केंद्रीय कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। श्री सेठ नगर निगम चुनाव में कुव्यवस्था और साजिश को लेकर पत्रकारों से संवाद कर रहे थे।उन्होंने कहा कि प्रशासन की कुव्यवस्था और साजिश के कारण 50 हजार से अधिक लोगों का वोट प्रभावित हुआ है।एक ही परिवार का अलग-अलग वार्ड और अलग-अलग बूथों में मतदान केंद्र बनाया गया। एक ही मत पेटी में वार्ड पार्षद और महापौर का वैलेट पेपर डाला गया। स्टेशन रोड में रहने वाले सैकड़ो सिख बंधुओं का बूथ अचानक से बदलकर अंजुम इस्लामिया कर दिया गया, जिसके कारण बड़ी संख्या में हमारे सिख बंधु वोट देने से वंचित रह गए। कई लोग वोटर पर्ची लेकर जब बूथ पर पहुंचे तो उस बूथ पर उनका नाम ही नहीं था। अल्पसंख्यक इलाकों में मतदान करने गए लोगों की कोई जांच नहीं हुई। किसी बूथ पर ना तो सीसीटीवी कैमरा था, ना तो पुलिस प्रशासन की समुचित व्यवस्था थी। बुजुर्गों के लिए बूथों पर कोई भी विशेष व्यवस्था नहीं की गई। श्री सेठ ने कहा कि चुनाव कार्य में लगे राज्य के हजारों सरकारी कर्मचारी वोट डालने से वंचित रह गए। सबसे महत्वपूर्ण यह कि मतदान समाप्त होने के बाद फार्म 17 नहीं दिया गया, जो सबसे महत्वपूर्ण होता है।राष्ट्रीय स्तर पर लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में नोटा का प्रावधान होता है परंतु इस चुनाव से नोट को हटा दिया गया।उन्होंने कहा कि बैलट पेपर छापने में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है। बड़ी संख्या में मतदाताओं को यह पता ही नहीं चल पाया कि मोहर कहां लगाना है। इसके चलते भी वोटिंग प्रभावित हुआ है। इस पूरे प्रकरण की निष्पक्षता पूर्वक जांच कराई जाए और जो भी इसके लिए दोषी हो, उस पर कठोर कार्रवाई किया जाए। लोकतंत्र का प्रदर्शन और वोटिंग के साथ मजाक सीधे-सीधे संविधान का अपमान है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब मतगणना की जो तैयारी चल रही है, उसे लेकर भी गड़बड़ी करने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। मेरी शासन और प्रशासन के साथ ही निर्वाचन आयोग से भी यह मांग है कि सिर्फ जिला प्रशासन के भरोसे मतगणना को नहीं छोड़ा जाए। मतगणना का समय निश्चित नहीं करके लगातार मतगणना की जाए। 8:00 बजे रात में मतगणना बंद करने का कोई प्रावधान नहीं है। सीसीटीवी के साथ सुरक्षा के व्यापक इंतजाम हों। हर टेबल की वीडियोग्राफी सुनिश्चित की जाए। प्रत्याशी या उनके इलेक्शन एजेंट के बैठने की समुचित व्यवस्था हो। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश से झारखंड में नगर निकाय के चुनाव हुए हैं। प्रशासन को यह समझ लेना चाहिए कि यदि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी हुई तो हम फिर से उच्च न्यायालय की शरण में जाएंगे।

## श्री श्री विश्वविद्यालय में खेल महोत्सव



**रांची।**ओड़िशा के कटक स्थित श्री श्री विश्वविद्यालय में अंतर-विश्वविद्यालय खेल महोत्सव 'वीरोदय 2026' का भव्य आयोजन किया गया। ओडिशा तथा अन्य राज्यों के 23 विश्वविद्यालयों से 1000 से अधिक प्रतिभागियों ने क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी और बैडमिंटन जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इनमें वॉलीबॉल, कबड्डी और बैडमिंटन प्रतियोगिताएँ पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों के लिए आयोजित की गईं। क्रिकेट में मेज़बान श्री श्री विश्वविद्यालय चैंपियन बना, जबकि सेंट्यूरियन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट उपविजेता रही। पुरुष वॉलीबॉल फाइनल में सी. वी. रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने मेज़बान श्री श्री विश्वविद्यालय को हराकर खिताब जीता। महिला वॉलीबॉल में उत्कल विश्वविद्यालय ने नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को पराजित कर चैंपियनशिप हासिल की। पुरुष कबड्डी में सोआ यूनिवर्सिटी ने सी. वी. रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि फुटबॉल में रांची की सरला बिरला यूनिवर्सिटी ने श्री श्री विश्वविद्यालय को पराजित कर चैंपियन का खिताब जीता। पुरुष एकल बैडमिंटन में किट यूनिवर्सिटी के अर्सिस्मान राजखोवा ने बिरला ग्लोबल यूनिवर्सिटी के आर्य रथ को हराकर खिताब जीता। युगल वर्ग में सेंट्यूरियन यूनिवर्सिटी की जोड़ी अभिजीत महारणा और स्मृतिरंजन राउत ने सी. वी. रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी की टीम को हराकर चैंपियनशिप जीती। मिश्रित युगल में किट यूनिवर्सिटी ने उत्कल विश्वविद्यालय को पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

## पारस हॉस्पिटल में कैंसर सर्वाइवर्स मीट



**रांची।** पारस एचईसी हॉस्पिटल, रांची में कैंसर सर्वाइवर्स के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करीब 50 कैंसर सर्वाइवर्स को सम्मानित किया गया और उनके साहस को सलाम किया गया। कार्यक्रम में सर्वाइवर्स ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पहले जिस इलाज के लिए उन्हें मुंबई या दिल्ली जाना पड़ता था, वह अब रांची में ही उपलब्ध है।ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ गुंजेश कुमार सिंह ने कहा कि कैंसर अब लाइलाज बीमारी नहीं है। सही समय पर जांच और आधुनिक उपचार से अधिकांश मरीज सामान्य जीवन जी सकते हैं। सीनियर कंसल्टेंट, हेड एंड नेक सर्जरी डॉ मदन प्रसाद गुप्ता ने कहा कि हेड एंड नेक कैंसर के मामलों में समय पर सर्जरी और मल्टीडिसिप्लिनरी अप्रोच बेहद जरूरी है। पारस में सभी विशेषज्ञ एक साथ मिलकर मरीज के लिए सर्वश्रेष्ठ उपचार योजना बनाते हैं।डॉ अभिनव शेखर ने कहा कि तकनीक और अनुभव के समन्वय से जटिल सर्जरी भी सफलतापूर्वक की जा रही है। डॉ निशांत भारद्वाज ने कहा कि आधुनिक रेडिएशन तकनीक से उपचार अधिक सटीक और सुरक्षित हुआ है।

## बजट में कृषि विभाग के लिए 4,884 करोड़ रुपये का प्रावधान :शिल्पी नेहा



**रांची।** झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सदन में पारित 1 लाख 58 हजार 560 करोड़ रुपये का बजट राज्य के भविष्य को नई दिशा देगा। इस कुल बजट में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के लिए 4 हजार 884 करोड़ 20 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। मंत्री तिर्की ने बताया कि आउटकम बजट के आधार पर इस वर्ष 17 विभागों की 232 महिला संबंधित योजनाओं को शामिल करते हुए जेंडर बजट तैयार किया गया है। इसके तहत कुल 34 हजार 211 करोड़ 27 लाख रुपये की राशि उपबंधित की गई है। उन्होंने कहा कि झारखंड की आर्थिक संरचना मुख्यतः कृषि आधारित है, इसलिए सरकार की प्राथमिकता किसानों को ऋण से मुक्त करना और उनकी आय में वृद्धि करना है। अद्यतन आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण के अनुसार कृषि क्षेत्र में रोजगार का प्रतिशत पिछली तिमाही के 44.3 प्रतिशत से बढ़कर 50.4 प्रतिशत हो गया है।मंत्री ने बताया कि बिरसा बीज उत्पादन विनिमय वितरण एवं फसल विस्तार योजना के लिए बजट 95 करोड़ से बढ़ाकर 145 करोड़ रुपये किया गया है। मृदा एवं जल संरक्षण के तहत बंजर भूमि राइस फैलो उपयोजना एवं जल निधि उपयोजना के लिए 475 करोड़ 50 लाख रुपये प्रस्तावित है। कृषि समृद्धि योजना के लिए 75 करोड़ रुपये, कृषि यंत्र वितरण योजना के लिए 80 करोड़ रुपये, वितरित किए जाएंगे। झारखंड राज्य मिलेट मिशन के लिए 25 करोड़ रुपये। नकदी फसल विकास एवं विस्तार योजना के लिए 19 करोड़ 88 लाख रुपये तथा राज्य उद्यान विकास योजना के तहत 245 करोड़ 80 लाख रुपये का आवंटन किया गया है।पशुपालन मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए 481 करोड़ 35 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके तहत गिरिडीह और सरायकेला में 50 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता की नई डेयरियों की स्थापना की जाएगी।

## आम जनता के साथ छलावा है ये बजट : शेफाली गुप्ता



**हजारीबाग।** राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने इसे पूरी तरह से गरीब विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्य की आम जनता, किसानों, बेरोजगार युवाओं और छोटे व्यापारियों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता। कहा कि सरकार ने बजट में बड़े-बड़े दावे तो किए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर ठोस योजनाओं का अभाव साफ दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए घोषित योजनाएं केवल कागजी हैं। कृषि अनुदान, सिंचाई व्यवस्था और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर स्पष्ट प्रावधान नहीं होने से किसानों को कोई वास्तविक राहत नहीं मिलेगी।भाजपा नेत्री ने यह भी कहा कि युवाओं के रोजगार सृजन के नाम पर सरकार ने सिर्फ आंकड़ों का खेल खेला है। न तो नई भर्तियों की स्पष्ट समय-सीमा बताई गई है और न ही स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त बजट आवंटन किया गया है।

## पीठासीन पदाधिकारियों की डायरी की हुई समीक्षा



**धनबाद।** नगर निकाय चुनाव के पीठासीन पदाधिकारियों की डायरी की मंगलवार को समीक्षा की गई। किसी पीठसीन पदधिकारी ने किसी भी बूथ पर किसी भी तरह की गड़बड़ी की कोई शिकायत डायरी में नहीं की है। कहीं से भी पुनर्मतदान की भी कोई सिफारिश नहीं की गई है। मंगलवार को चुनाव के सामान्य प्रेक्षक रोबिन टोप्पो की मौजूदगी में पीठासीन पदाधिकारियों की डायरी की समीक्षा की गई। राजकीय पॉलिटेक्निक में धनबाद नगर निगम के महापौर व 55 वार्ड के वार्ड पार्षद तथा चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष व 21 वार्ड पार्षद प्रत्याशी तथा उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रीसाइडिंग ऑफिसर डायरी की समीक्षा की। सामान्य प्रेक्षक ने धनबाद नगर निगम तथा चिरकुंडा नगर परिषद के सभी बूथ के प्रीसाइडिंग ऑफिसर से प्राप्त डायरी की बारी - बारी से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उपस्थित प्रत्याशी या उनके प्रतिनिधियों ने कोई आपत्ति नहीं जताई। मौके पर महापौर पद के निर्वाची पदाधिकारी विनोद कुमार के अलावा धनबाद नगर निगम व चिरकुंडा नगर परिषद के निर्वाची पदाधिकारी मौजूद थे।

## जिला प्रशासन ने शुरू की काउंटिंग की तैयारी



**धनबाद।** जिला प्रशासन ने नगर निकाय चुनाव की काउंटिंग की तैयारी शुरू कर दी है। काउंटिंग करने वाले सुपरवाइजर तथा काउंटिंग असिस्टेंट का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के आधार पर किया गया। इसमे पूरी पारदर्शिता बरती गई। पूरी प्रक्रिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन तथा सामान्य प्रेक्षक नगर निगम तथा नगर परिषद की उपस्थिति में हुई। मौके पर उप विकास आयुक्त सन्नी राज समेत सभी आरओ, एआरओ, डीआईओ मौजूद थे।

## पुनारख-किउल के मध्य तीसरी और चौथी लाईन के निर्माण को मिली मंजूरी

**हाजीपुर ।** नरेंद्र मोदी, माननीय प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने आज रेल मंत्रालय की लगभग 9,072 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे लाइनों की संख्या बढ़ाने संबंधी तीन परियोजनाओं को स्वीकृति दी । इनमें पुनारख-किऊल तीसरी और चौथी लाइन, गोंदिया-जबलपुर लाइन दोहरीकरण एवं गम्हरिया-चांडिल तीसरी और चौथी लाइन शामिल हैं । महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड के 8 जिलों में व्याप्त इन तीन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 307 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 5,407 गांवों में संपर्क में सुधार होगा, जिनकी आबादी लगभग 98 लाख है।विदित हो कि रेल यात्रा सुगम हो साथ ही मालगाड़ी की आवाजाही भी सुगमतापूर्वक किया जा सके इसके लिए रेलवे द्वारा रेल आधारभूत संरचना में वृद्धि का कार्य निरंतर जारी है । इसी कड़ी में 17 हजार करोड़ रूपए की लागत से पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं.-झाझा के मध्य लगभग 400 किलोमीटर लंबी तीसरी और चौथी रेल लाईन का निर्माण किया जाना है जिसमें वर्तमान में डीडीयू से किउल तक तीसरी और चौथी रेल लाईन जबकि किउल से झाझा तक तीसरी रेल लाईन का निर्माण किया जाना है। इस पूरी परियोजना को कई हिस्सों में बांटा गया है तथा रेलवे बोर्ड द्वारा चरणबद्ध तरीके से इसकी स्वीकृति प्रदान की जा रही है। निर्माण कार्य सुगमतापूर्वक तेजी से पूरा करने के लिए इसे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं.-दानापुर, दानापुर-फतुहा, फतुहा-बख्तियारपुर, बख्तियारपुर-पुनारख, पुनारख-किऊल तथा किऊल-झाझा जैसे छोटे-छोटे रेल खंडों में बांटा गया है ।इसके तहत प्रथम चरण में फतुहा से बख्तियारपुर (24 किमी) तथा बख्तियारपुर से पुनारख (30 किमी) की स्वीकृति रेलवे बोर्ड द्वारा प्रदान कर दी गयी थी जिसमें बख्तियारपुर-पुनारख निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत भूमि अधिग्रहण एवं निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा ।

# होली पर यात्रियों को बड़ी सौगात : पूर्व रेलवे चलाएगा डानकुनी-पटना होली स्पेशल ट्रेन

## 27 फरवरी व 4 मार्च को दो-दो फेरे, आसनसोल मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव



**संवाददाता**

**मधुपुर ।** 24 फरवरी होली और दोल यात्रा के पावन अवसर पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए डानकुनी और पटना के बीच विशेष होली स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। रेलवे प्रशासन ने यह निर्णय त्योहार के दौरान यात्रियों को सुगम, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से लिया है।होली के मौसम में बड़ी संख्या में लोग अपने घर-परिवार के पास लौटते हैं या विभिन्न स्थानों की यात्रा करते हैं। ऐसे में नियमित ट्रेनों में भीड़ बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन चलाकर यात्रियों को राहत देने की पहल की है। ट्रेन संख्या व समय-सारणी 03035 डानकुनी - पटना होली स्पेशल

प्रस्थानः डानकुनी से 00:30 बजे
तिथिः 27.02.2026 एवं 04.03.2026 (दो फेरे)
आगमनः पटना 14:45 बजे (उसी दिन) 03036 पटना - डानकुनी होली स्पेशल
प्रस्थान- पटना से 16-15 बजे
तिथि- 27.02.2026 एवं 04.03.2026 (दो फेरे)
आगमन- डानकुनी 07-00 बजे (अगले दिन) इन प्रमुख स्टेशनों पर होगा ठहराव

यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में आसनसोल मंडल के अंतर्गत निम्नलिखित स्टेशनों पर रुकेगी-

**दुर्गापुर**
**आसनसोल**
**चित्तरंजन**
**मधुपुर**

जसीडीह इन स्टेशनों पर ठहराव से पश्चिम बंगाल और झारखंड के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा, खासकर मधुपुर और जसीडीह क्षेत्र के लोगों को त्योहार में घर पहुंचने में सुविधा होगी। उपलब्ध कोच सुविधाएं इस होली स्पेशल ट्रेन में यात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न श्रेणियों की व्यवस्था की गई है- सामान्य द्वितीय श्रेणी शयनयान श्रेणी वातानुकूलित कोच यात्रियों को मिलेगी राह रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह विशेष ट्रेन त्योहार के दौरान अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने में सहायक होगी।

इससे यात्रियों को लंबी प्रतीक्षा सूची और भीड़भाड़ से राहत मिलेगी तथा वे आराम से अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।

होली के रंगों के इस पर्व पर पूर्व रेलवे की यह पहल यात्रियों के लिए एक बड़ी सौगात मानी जा रही है। यात्रियों से अपील की गई है कि वे समय से टिकट आरक्षित कराकर यात्रा करें।

## 83 प्रतिशत से अधिक लोगों को खिलाई गई फाइलेरिया की दवा



**मधुपुर ।** मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के तहत चल रहे फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की प्रगति को लेकर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में उपाधीक्षक डॉ. मो. शाहिद की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की द्वितीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग, बाल विकास परियोजना विभाग तथा अन्य प्रशासनिक विभागों के अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए उपाधीक्षक डॉ. मो. शाहिद ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 फरवरी से प्रारंभ हुआ है, जो 25 फरवरी तक संचालित रहेगा। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक 83 प्रतिशत से अधिक लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जा चुकी है। उन्होंने भरोसा जताया कि निर्धारित तिथि तक शत-प्रतिशत लोगों को दवा खिलाकर अभियान को सफल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर परजीवी जनित रोग है, जिसका संक्रमण लंबे समय तक शरीर में रहने के बावजूद शुरुआती चरण में स्पष्ट लक्षण नहीं देता। इस बीमारी की पुष्टि केवल रक्त जांच से ही संभव है। इसलिए स्वस्थ दिखने वाले लोगों को भी दवा का सेवन करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि भविष्य में वे इस रोग से ग्रसित न हों।उपाधीक्षक ने सभी विभागों के पदाधिकारियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को दवा सेवन के प्रति जागरूक करें। उन्होंने एमटीएस एवं एमपीडब्ल्यू कर्मियों को निर्देश दिया कि वे एक्शन प्लान के अनुरूप सतत निगरानी रखें तथा दवा से वंचित प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच सुनिश्चित करें। 24 फरवरी 2026 तक कुल 2,14,796 व्यक्तियों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जा चुकी है। स्वास्थ्य विभाग ने उम्मीद जताई है कि जनसहभागिता और जागरूकता के माध्यम से यह अभियान पूर्ण सफलता प्राप्त करेगा। बैठक में पिरामल संस्था से पिंटू तिवारी, डब्ल्यूएचओ से अभय कुमार, एमटीएस तपन कुमार, बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षिका निवेदिता नटराजन, बीपीओ ताहिर हुसैन, संगीता कुमारी (एसएमसी), बीडीएम दामोदर वर्मा, एमपीडब्ल्यू संजीव कुमार, तनवीर आलम, विनोद कुमार दास, डिंपल कुमारी सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का केंद्रीय दल ने किया अनुश्रवण



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** स्वास्थ्य शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशक रवि कुमार वशिष्ठ ने देवघर जिले के फाइलेरिया अतिप्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर 10 फरवरी 2026 से चल रहे एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) कार्यक्रम का अनुश्रवण किया। उन्होंने सीएससी सारठ के ग्राम मुरचुरा, खैरबनी, बभनगामा के आराजोरी, सीएससी करौं के भलगढ़ा अंतर्गत बेलकियारी तथा देवघर शहरी क्षेत्र का निरीक्षण किया। उनके साथ डब्ल्यूएचओ-एनटीडी के जोनल कोऑर्डिनेटर डॉ. हासीब जमन हक़, जिला भीबीडी सलाहकार डॉ. गणेश कुमार यादव सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान वशिष्ठ ने बताया कि इस वर्ष फाइलेरिया रोधी दवा डीईसी एवं अल्बेंडाजॉल के प्रति लोगों की स्वीकार्यता बढ़ी है, जो सकारात्मक संकेत है। हालांकि अभी भी कुछ लोग दुष्प्रभाव के डर या भ्रांतियों के कारण दवा लेने से इंकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिना लक्षण वाले व्यक्तियों से संक्रमण फैलने की आशंका अधिक होती है, इसलिए सभी को दवा अवश्य लेनी चाहिए। जिला एवं राज्य स्तरीय ऑनलाइन समीक्षा बैठकों में भी टीम ने भाग लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा जनप्रतिनिधियों और स्वयं सहायता समूहों से जागरूकता बढ़ाने की अपील की।

## रेलवे मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में चला विशेष जांच अभियान, कई यात्री धराए, जुर्माना वसूला गया



**संवाददाता**

**मधुपुर ।** रेलवे मजिस्ट्रेट जुलियन आनंद टोप्पो के नेतृत्व में मंगलवार को आसनसोल और झाझा रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों एवं ट्रेनों में सघन जांच अभियान चलाया गया।अभियान के तहत झाझा रेलवे स्टेशन, जामताड़ा रेलवे स्टेशन, मधुपुर जंक्शन एवं जसीडीह जंक्शन समेत अन्य स्टेशनों पर टिकट जांच और रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस दौरान बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा, महिला बोगी, विकलांग डब्बा एवं अन्य रेलवे नियमों के उल्लंघन के मामलों में कई यात्रियों को पकड़ा गया। रेलवे एक्ट के तहत दोषी पाए गए यात्रियों से जुर्माना वसूला गया तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इन ट्रेनों में हुई विशेष जांच जांच अभियान के दौरान प्रमुख ट्रेनों में सघन चेकिंग की गई, जिनमें शामिल हैं 18449 पटना-पूरी एक्सप्रेस, अप 12024 जन शताब्दी, डाउन) 12303 हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस 13332 पटना-धनबाद इंटरसिटी डाउन । रेलवे प्रशासन ने बताया कि यह अभियान यात्रियों को नियमों के प्रति जागरूक करने और बिना टिकट यात्रा पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाया गया।अधिकारी व जवान रहे मौजूद

अभियान में सीआईटी वी.के. कुल्लू मधुपुर, टीटीआई भुवनेश्वर मांझी, श्याम सुंदर पासवान, फुलेंद्र कुमार, सीनियर टीई प्रमोद कुमार चौधरी, गौरव कुमार श्रीवास्तव, सीनियर सीसीटीसी रोहित कुमार मंडल, टीटीआई जसीडीह एस.आर. रजक, प्रेम कुमार (सीआईटी जसीडीह) सहित रेलवे कोर्ट कर्मी मौजूद रहे। इसके अलावा आरपीएफ के एएसआई डी.के. सिंहा सहित आरपीएफ एवं जीआरपी के जवान भी अभियान में सक्रिय रूप से शामिल रहे। रेलवे अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आगे भी इस प्रकार का विशेष अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। यात्रियों से वैध टिकट लेकर ही यात्रा करने की अपील की गई है।

## बजट में उद्योग व कौशल विकास के लिए पर्याप्त प्रावधान का अभाव : आलोक मल्लिक



**देवघर ।** संताल परगना चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, देवघर के पूर्व अध्यक्ष आलोक मल्लिक ने झारखंड सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आधारभूत संरचना, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य इंफ्रा, शिक्षा और पूंजीगत निवेश पर जोर सराहनीय है, जिससे सामाजिक संतुलन मजबूत होगा। हालांकि संताल परगना और देवघर को पुनासी डेम पर्यटन एवं साहिबगंज ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के अलावा विशेष लाभ नहीं मिला। उच्च तकनीकी व कौशल विकास शिक्षा को लेकर अपेक्षाएं अधूरी रहीं। उद्योग क्षेत्र में मात्र 584 करोड़ का प्रावधान निवेश प्रोत्साहन के लिए अपर्याप्त है। उन्होंने बजट में ठोस प्रावधानों के अभाव पर निराशा जताई।

## सब जूनियर वॉलीबॉल चैंपियनशिप में देवघर के अमित का चयन



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।**46वीं सब जूनियर वॉलीबॉल चैंपियनशिप, जो पश्चिम बंगाल के हुगली में आयोजित होने जा रही है, उसमें झारखंड टीम में देवघर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अमित को शामिल किया गया है। अमित का चयन लातेहार में आयोजित प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। वे किसलय क्रीड़ा केंद्र में लगातार मेहनत और अभ्यास कर रहे हैं,जिसका परिणाम अब राज्य स्तर पर उनके चयन के रूप में सामने आया है। देवघर में खेल का बेहतर माहौल और खिलाड़ियों को मिल रहे प्रोत्साहन को इस सफलता का मुख्य कारण बताया जा रहा है। देवघर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े ने कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार किया गया है, जिसका लाभ खिलाड़ियों को मिल रहा है। अमित के चयन पर वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष ध्रुव सिंह, चेयरमैन आशीष झा, मुख्य संरक्षक डॉ. जेसी राज सहित नवीन शर्मा, जूही केसरी, बंटी नंदन सिंह, कृष्णकुमार, ऋषि राज सिंह, जोगी तिवारी,बीरेंद्र सिंह,संजय मालवीय,जिम्मी एवं राकेश पाण्डेय ने खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## मधुपुर में अतिक्रमण पर सख्ती : सीओ के नेतृत्व में गांधी चौक व हटिया रोड पर कार्रवाई, तीन ठेला जब्त



**संवाददाता**

**मधुपुर ।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और सड़क किनारे हो रहे अतिक्रमण को हटाने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रशासन ने सख्त अभियान चलाया। अंचल अधिकारी यामुन रविदास के नेतृत्व में यह कार्रवाई शहर के व्यस्ततम क्षेत्र गांधी चौक एवं हटिया रोड में की गई। अभियान के दौरान सड़क पर अवैध रूप से ठेला लगाकर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करते हुए तीन ठेलों को जब्त किया गया। जब्त किए गए ठेलों को मधुपुर थाना लाया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया और कई दुकानदारों ने स्वयं ही सड़क से अपने ठेले और सामान हटा लिए। इस दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी विनय कुमार पांडे, बीडीओ अजय कुमार दास सहित पुलिस बल भी मौजूद था। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि शहर के मुख्य मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क पर अवैध कब्जे के कारण आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में पुनः अतिक्रमण पाया गया तो संबंधित लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नियमित रूप से जांच अभियान चलाकर शहर को अतिक्रमण मुक्त रखने की बात कही गई।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर बनी रहे।

## राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए देवघर के तीन खिलाड़ी रवाना



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।**15वीं राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता 2026 में भाग लेने हेतु रांची में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयनित देवघर जिले के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को देवघर कुश्ती के संरक्षक आदर्श लक्ष्य ने प्रोत्साहित करते हुए तमिलनाडु के सेलम जिले के लिए रवाना किया। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 28 फरवरी से 2 मार्च 2026 तक आयोजित होगी, जिसमें देशभर के श्रेष्ठ खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। देवघर से चयनित खिलाड़ियों में रिमझिम कुमारी (33 किग्रा) बालिका फ्री स्टाइल, विक्की कुमार (52 किग्रा) फ्री स्टाइल एवं अनमोल कुमार झा (68 किग्रा) ग्रीको रोमन शामिल हैं। इन खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई है। इस अवसर पर कोच दशरथ महथा ने खिलाड़ियों को अनुशासन, समर्पण और आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए देवघर व झारखंड का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। महासचिव संजीव कुमार झा ने कहा कि जिले के खिलाड़ी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जो गर्व की बात है। संरक्षक आदर्श लक्ष्य ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर उपस्थित खेल प्रेमियों एवं गणमान्य लोगों ने भी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बलजोरा पंचरुखी दुर्गा मंदिर से निकली भव्य कलश शोभा यात्रा

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** मोहनपुर प्रखंड के बलजोरा पंचरुखी दुर्गा मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय संत सम्राट सदगुरु कबीर ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ को लेकर मंगलवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा दुर्गा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए नदी तट तक पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महिलाओं एवं कन्याओं ने कलश में पवित्र जल भरा। इसके बाद श्रद्धालु लगभग एक किलोमीटर से अधिक पैदल यात्रा करते हुए समारोह स्थल पहुंचे। पूरे मार्ग में डीजे की धुन और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम स्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई। कलश यात्रा में करीब एक हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि ज्ञान यज्ञ और कथा के आयोजन से वातावरण शुद्ध होता है तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सुख-समृद्धि का संचार होता है। उन्होंने जानकारी दी कि 25 एवं 26 फरवरी को सत्संग एवं ज्ञान प्रवचन का आयोजन होगा। यज्ञ में छत्तीसगढ़ की साध्वी शिखा विशेष रूप से शामिल होकर श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगी।

## जनता दरबार में उमड़ी फरियादियों की भीड़

**देवघर।** जिलावासियों की समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से देवघर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे, ताकि मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया जा सके। जनता दरबार में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने राजस्व से जुड़े मामलों, जमीन से संबंधित रसीद, अबुआ आवास योजना, खनन लीज तथा झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना से जुड़ी शिकायतें रखीं। उप विकास आयुक्त ने एक-एक कर सभी फरियादियों की बातें सुनीं और भरोसा दिलाया कि प्राप्त सभी शिकायतों की जांच कराते हुए शीघ्र समाधान किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कई आवेदन भी शिकायत के रूप में प्राप्त हुए। सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनने के बाद उप विकास आयुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवेदनों की भौतिक जांच कर जल्द से जल्द निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी कहा गया कि सभी मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के भीतर अपनी प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को सौंपें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके। जनता दरबार के माध्यम से प्रशासन और आम लोगों के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ, जिससे समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही।

### वज्रगृह में हुई चुनावी प्रक्रिया की समीक्षा

## नगर पालिका चुनाव के बाद सामान्य प्रेक्षक ने प्रत्याशियों संग की बैठक



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** नगरपालिका निर्वाचन-2026 के मतदान संपन्न होने के पश्चात प्रशासनिक स्तर पर चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को महिला महाविद्यालय, राजाभीठा में बनाए गए वज्रगृह परिसर में सामान्य प्रेक्षक राकेश कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष पद प्रत्याशी संबंधित वार्डों के प्रत्याशी, उनके निर्वाचन अभिकर्ता तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। सामान्य प्रेक्षक राकेश कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान के बाद प्रत्येक चरण की गहन समीक्षा की जा रही है, ताकि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण बनी रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि वज्रगृह की सुरक्षा व्यवस्था बहुस्तरीय है और सीसीटीवी निगरानी के साथ-साथ सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। प्रत्याशियों एवं उनके अभिकर्ताओं को वज्रगृह की सुरक्षा,सीलिंग प्रक्रिया तथा मतपेटियों की सुरक्षित रख-रखाव संबंधी जानकारी विस्तार से दी गई। बैठक के दौरान मतदान दिवस पर हुई व्यवस्थाओं, बूथों पर सुरक्षा, मतदान प्रतिशत, किसी प्रकार की शिकायत या आपत्ति सहित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। सामान्य प्रेक्षक ने उपस्थित प्रत्याशियों से भी सुझाव और फीडबैक लिया, ताकि यदि कोई शंका या आपत्ति हो तो उसका त्वरित समाधान किया जा सके। प्रशासन की ओर से आश्वस्त किया गया कि मतगणना तक वज्रगृह परिसर की सुरक्षा चाक-चौबंद रहेगी और सभी प्रक्रियाएं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही संपन्न होंगी।बैठक शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।अधिकारियों ने पुनः दोहराया कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पारदर्शिता सर्वोपरि है और मतदाताओं के विश्वास को बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।


## घुठिया दोंदिया में फसल सुरक्षा पर दो दिवसीय पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** मोहनपुर प्रखंड क्षेत्र के घुठिया दोंदिया गांव में फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना के अंतर्गत दो दिवसीय पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वार्ड सदस्य सिंधु कुमारी,उद्यान मित्र सतीश कुमार यादव,जयप्रकाश कुमार तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड उपाध्यक्ष श्रीकांत यादव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों की समस्याओं का समाधान करना एवं उन्हें वैज्ञानिक खेती की नवीन तकनीकों से अवगत कराना था। प्रशिक्षण में पंचायत के विभिन्न गांवों से आए किसानों ने भाग लिया। इस दौरान विशेष रूप से रवि फसलों में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। किसानों को फसल उत्पादन,कीट एवं रोग प्रबंधन,जल प्रबंधन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने व्यवहारिक एवं वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया, ताकि उत्पादन बढ़ाया जा सके और लागत कम हो। किसानों ने कार्यक्रम को अत्यंत लाभकारी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की मांग की। कार्यशाला में शोभिया कुमारी, मीना देवी, सुनीता देवी, लीला कुमारी, भवंति देवी, रीना देवी, दयावती देवी, तुलसी कुमारी, रंजू देवी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## झारखंड बजट 2026-27 ऐतिहासिक और विकासोन्मुखी : अजय कुमार



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के झारखंड बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे ऐतिहासिक, लोककल्याणकारी और आर्थिक विकास को गति देने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है, जो विकास दर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। अजय कुमार ने कहा कि सरकार ने इस बजट में समाज के सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा है। खासकर दलित, गरीब एवं मध्यम वर्ग के हितों को प्राथमिकता दी गई है। महिलाओं के सशक्तिकरण, बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की भावना पर आधारित है। राज्य के आधारभूत ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सृजन के क्षेत्र में किए गए प्रावधान झारखंड को विकास की नई दिशा देंगे। अजय कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट राज्य को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

# जिले के तीनों निकाय के 236 प्रत्याशियों की किस्मत स्ट्रांग रूम में बंद,फैसला 27 को



अमित सिंह

साहिबगंज - साहिबगंज जिले के तीनो निकाय क्षेत्र साहिबगंज धगर परिषद,राजमहल नगर पंचायत एवं बरहरवा नगर पंचायत में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने के बाद प्रत्याशियों की जीत-हार की समीक्षा मंगलवार से नगर के चौक-चौराहों से लेकर गलियों व चौपालों में होने लगी है. दो दलो के अलावे अन्य प्रत्याशियो के समर्थक अपने प्रत्याशी की जीत के दावे करने में थोड़ा भी पीछे हटने को तैयार नहीं हैं.तीनो निकाय के 28 अध्यक्ष व 208 यानि कुल 236 प्रत्याशियों की किस्मत स्ट्रांग रूम में बंद हो चुकी है. जो अब 27 फरवरी को मतगणना के दिन खुलेगी.सोमवार को मतदान खत्म होने के बाद से ही चौक-चौराहे, चाय-पान की दुकानों, हाट बाजारों, गांव-गलियों और चौपालों पर एक-दूसरे के समर्थक अपने- अपने प्रत्याशी के जीत का दावे ठेक रहे हैं. चारों ओर मतगणना के पूर्व ही लोग अपने राजनीतिक गणित के आधार पर जीत-हार का फैसले करते हुए एक-दूसरों के साथ चर्चाओं में मशगूल हैं. सभी लोग अपने-अपने समर्थित उम्मीदवार की जीत बता रहे हैं. कोई मुस्लिम मतदाताओं के जोरदार मतदान तो कोई मतों के बिखराव और अगड़ी व पिछड़ी जातियों की गोलबंदी होने की बात बता रहे हैं. वहीं जीत के लिए बाजियां भी लगायी जा रही है. क्योंकि इस चुनाव में लंबे समय तक मतदाताओं की चुप्पी ने प्रत्याशियों की भी बेचैनी बढ़ा रखी थी.

**जीत- हार का मंथन हुआ शुरू तो तल्खियां बढ़ी**

साहिबगंज - मतदान नगर निकाय चुनाव 2026 का मतदान होने के साथ ही जीत व हार के मंथन का दौर शुरू हो गया है. इस बीच जीत के दावों को लेकर लोगों के आपस में तकरार भी बढ़ गयी है. बातो-बातों में लोगों के सुर तेज होते जा रहे हैं. वहीं सामने वाला अपनी जिद्द पर अड़ा रह रहा है. नतीजा जीत के दावे को लेकर तल्खियां भी बढ़ रही हैं. गौरतलब है कि इस नगर निकाय चुनाव ने कई लोगों के बीच की दूरियां बढ़ा दी है. जिसे अब पाटने में समय लगेगा. नेता व प्रत्याशी तो चुनावी जीत व हार के बाद अपने स्थान ले खिसक लेंगे. लेकिन लोगों में जीत के दावों को लेकर बढ़ रहे विवाद शायद जल्द दूर नहीं होंगे. नगर के गली मुहल्ले व चौक चौराहों तक की अमूमन यहीं स्थिति है. सभी जगहों से जीत किसकी होगी की बहस विवाद का रूप ले रही है. समर्थक अपने मोबाइल से वोटों का आंकड़ा संग्रह कर रहे हैं. वहीं राजनीतिक पंडित भी गुण गणित निकालने में मशगुल हैं कि तीनो नगर निकाय में 27 फरवरी के दिन जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा.

30 सीसीटीवी से हो रही है स्ट्रांग रूम व मतगणना केंद्र की निगरानी

साहिबगंज - साहिबगंज जिले के साहिबगंज नगर परिषद, राजमहल नगर पंचायत एवं बरहरवा नगर पंचायत में हुए नगर निकाय चुनाव का मतपेटी को सोमवार की रात तक कड़ी सुरक्षा में साहिबगंज जिला मुख्यालय के पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है. वही स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल की निगरानी व सुरक्षा को लेकर 30 सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है. मिली जानकारी के अनुसार 30 सीसीटीवी कैमरा को चयनित स्थल पर लगाया गया है.ताकि स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल पर परिंदा भी पर ना मार सके. जैप -9 के जवान लगे हैं स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में

साहिबगंज जिला मुख्यालय के पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था में जैप 9 के जवानों को तैनात किया गया है. पॉलिटेक्निक कॉलेज के मुख्य गेट पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से मेटल डिटेक्टर दो गेट लगाए गए हैं. मतगणना केंद्र के अंदर प्रवेश करने वाले हर एक लोगों को मेटल डिटेक्टर गेट से सुरक्षा जांच के बाद ही अंदर जाने की इजाजत होगी.मिली जानकारी के अनुसार पॉलिटेक्निक कॉलेज के मुख्य द्वार,पूरे परिसर एवं स्ट्रांग रूम की सुरक्षा जैप -9 के जवानों के द्वारा की जा रही है.

## क्षतिग्रस्त मरगंग पुल की मरम्मत को लेकर कांग्रेसी नेता ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** साहिबगंज -साहिबगंज जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत लालबथानी गांव को साहिबगंज से जोड़ने वाले एक मात्र सड़क जो बलुआ दियारा और किसन प्रसाद के बीच बने मरगंग पुल लगभग पांच वर्षों से क्षतिग्रस्त है.वही 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक जिला प्रशासन की ओर से ना ही किसी जनप्रतिनिधि ने अभी तक क्षतिग्रस्त पुल का कोई निदान नहीं निकाला है. पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण बड़ा हादसा हो सकता है क्योंकि इस पुल से मालवाहक गाड़ी पांच साल से बंद है.वही इस क्षतिग्रस्त पुल के पूरब साइड से डायवर्सन का निर्माण कर बड़ी गाड़ी को पार किया जाता है.वही बरसात के मौसम में लगभग तीन से चार महीना मालवाहक गाड़ी का रास्ता बंद हो जाता है.आसपास गांव वाले को आने-जाने में बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ता है.वही राजमहल विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस नेता मोहम्मद कौसर आलम ने साहिबगंज डीसी को आवेदन सौंप कर क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण कार्य कराने की मांग की है.वही युवा कांग्रेस नेता मोहम्मद कौसर आलम ने बताया कि साहिबगंज जिला प्रशासन को इस पर संज्ञान लेने की जरूरत है.वही मरगंग में बने उच्च स्तरीय पुल की मरम्मत कराई जाएं ताकि भविष्य में कोई हादसा न हो और आसपास के ग्रामीणों का आवागमन सुचारू रूप से चल सके.

## सीतापहाड़ी गांव में लगा स्ट्रीट लाइट ग्रामीणों को अंधकार से मिली मुक्ती



पाकुड़।गांव की सड़कों पर नई स्ट्रीट लाइटें लगाने का काम तेजी से शुरू हो गया है। शहर की तरह अब गांव की सड़क रोशनी से जगमगाया। रात में आवाजाही सुरक्षित और आसान हो गई है। इस पहल से स्थानीय सुरक्षा बढ़ाती है, दुर्घटनाओं को कम करती है, और ग्रामीण जीवन को आधुनिक व सुगम बनाती है। विशेषकर पैदल चलने वालों और महिलाओं के लिए काफी सहुलियत होगी। गांव में रात के समय भी चहल-पहल बनी रहती है, जो विकास का संकेत है। जानकारी के अनुसार सदर प्रखंड के सीतापहाड़ी पंचायत में 15वें वित्त आयोग से स्ट्रीट लाइट लगाया जा रहा है। पंचायत के मुखिया आसिफ अली हादी से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि शाम ढलते ही गांव की सड़कें शुन्य हो जाती थी। जिससे ग्रामीणों को परेशानी होती थी। स्ट्रीट लाइट के लग जाने से अंधकार से लोगों को छुटकारा मिलेगा। इस पंचायत की आबादी 10 हजार से अधिक है। सीतापहाड़ी से नवीनगर रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने जाने के दौरान रात में काफी परेशानी होती थी। स्ट्रीट लाइट के लग जाने से ग्रामीणों की परेशानी दूर होगा। सड़क किनारे जहां भी बिजली पोल लगा है उन सभी पोल में लगाया जा रहा है, ताकि रात्री के समय लोगों को सुविधा होगी।

## बरहरवा में मतदान के बाद चौक-चौराहों पर जीत-हार की चर्चा तेज

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहरवा - नगर निकाय चुनाव का मतदान संपन्न होते ही बरहरवा के चौक-चौराहों, बाजारों और मोहल्लों में जीत-हार को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है. सुबह से लेकर देर शाम तक लोग छोटे-छोटे समूहों में बैठकर मतदान प्रतिशत, बूथवार स्थिति और प्रत्याशियों के समर्थन-विरोध का आंकलन करते नजर आ रहे हैं.मतदाताओं के बीच खास तौर पर अध्यक्ष पद को लेकर उत्सुकता अधिक देखी जा रही है.स्थानीय लोगों के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रमुख नामों को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है. समर्थक अपने-अपने प्रत्याशी की जीत के पक्ष में तर्क दे रहे हैं. वहीं कई लोग मतदान के रुझानों और बूथों की स्थिति के आधार पर संभावित परिणाम का अनुमान लगा रहे हैं.वार्ड पार्षद पद को लेकर भी गहमागहमी कम नहीं है.किस वार्ड में किस उम्मीदवार को बढ़त मिल सकती है और किन इलाकों में वोटरों का रुख बदला.इस पर भी लोगों के बीच जोरदार बहस जारी है. कुछ जगहों पर समर्थक अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित बताते दिखे. तो वहीं विरोधी खेमे के लोग अलग-अलग गणित लगाते नजर आएं.

## शिव परिवार हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- साहिबगंज जिले के महादेवगंज झगरूचौकी स्थित गौशाला के जजमान परिवार रामगोपाल यादव उनकी धर्म पत्नी जीरिया देवी के आवास पर नव निर्माण शिव परिवार सह हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई .जिसमें मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 पंच तेरह भाई त्यागी महामंडलेश्वर श्री बृजमोहन दास जी महाराज का आगमन हुआ. उनके साथ महामंडेश्वर राम बालक दास जी महाराज,महामंडलेश्वर सुदामा दास जी महाराज,महंडलेश्वर धर्म दास जी महाराज,महामंडलेश्वर महावीर दास जी महाराज श्री अयोध्या धाम खाक चौक उत्तरप्रदेश से पधारे. इस पावन अवसर पूरी बनारस के पुरोहित द्वारा मंत्रों उच्चारण विधि विधान से पूजा स्थानीय पत्थर घाट से गंगा से जल भर 251 महिला व कन्याओं ने कलश यात्रा में शामिल हुई, इस अवसर पर पप्पू यादव, बबन यादव, माखनलाल यादव, अनुराग राहुल, श्री कृष्ण जी महाराज शांति कुंज हरिद्वार कमलेश यादव निर्मल यादव, सुनील कुमार सिंहा विजय पासवान, बिनोद कुमार बौद्ध, संतोष यादव बोला भगवान्, सियाराम यादव बिगुल यादव संजय ब्यास ब्रह्मदेव यादव मौजूद थे.

## सात बकायादारों का बिजली कनेक्शन कटा

**उधवा।** उधवा प्रखंड क्षेत्र में बिजली विभाग के द्वारा लगातार अभियान चलाकर पांच हजार रुपए से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काटा जा रहा है. इसी क्रम में मंगलवार को विद्युत कनीय अभियंता चंदन कुमार के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उधवा चौक तथा मसना गांव में अभियान चलाकर पांच हजार रुपए से अधिक बकाया वाले 7 उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काटा गया है.बिजली विभाग की टीम ने बताया कि अभियान के दौरान पांच हजार से अधिक बकाया वाले 7 उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया है.साथ ही उनलोगों को बकाया राशि जल्द-जल्द भुगतान करने के साथ-साथ विद्युत कार्यालय से आरसीडीसी रशीद लेकर ही बिजली उपयोग करने को कहा गया.

## सर्पदंश से बालक मूर्छित, इलाजरत

साहिबगंज - राजमहल अनुमंडल क्षेत्र के कन्हैया स्थान के समीप एक बालक को सांप ने काट लिया.बालक परिवार वालों ने बालक को इलाज के लिए आनन फानन में राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया. जहां चिकित्सक ने बालक का इलाज प्रारंभ कर दिया.मिली जानकारी के अनुसार कन्हैया स्थान निवासी आनंद मंगल के 13 वर्षीय पुत्र शिव कुमार घर के पास ही मछली पकड़ने के लिए गया हुआ था.इसी

## छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मंडरो- मिर्जाचौकी बीआरसी परिसर में राजकीयकृत मध्य विद्यालय मिर्जाचौकी में वर्ग 8 के अध्यनरत समान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को बीपीओ मो. एहसान अहमद ने साइकिल वितरण किया. इसके पूर्व मध्य विद्यालय श्रीराम चौकी के सामान्य वर्ग के दो छात्रों को साइकिल वितरित किया गया. साईकिल प्राप्त करते ही छात्रों में उत्साह देखा गया. मौके पर कम्प्यूटर आपरेटर भानू प्रताप, अभिषेक कुमार,मध्य विद्यालय मिर्जाचौकी के शिक्षक रामनारायण चौधरी, मोहम्मद अली अंसारी सहित छात्र उपस्थित थे.

## होली त्योहार को लेकर एसडीपीओ ने की बैठक

महेशपुर (पाकुड) मंगलवार को महेशपुर थाना परिसर में एसडीपीओ विजय कुमार की अध्यक्षता में होली को लेकर शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अंचल अधिकारी संजय सिन्हा, थाना प्रभारी रवि शर्मा, कुणाल अल्फ्रेड हेंब्रम, कलीमुद्दीन अंसारी, मेहबूब आलम, तमाल बनर्जी, राहुल कुमार, गोपाल यादव, अमित अग्रवाल समेत कई जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

## महारूद्र यज्ञ की तैयारी तेज, भूतेश्वर नाथ मंदिर में ध्वजारोहण

बरहेट /साहिबगंज-बरहेट प्रखंड के भूतेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण स्थित यज्ञशाला में मंगलवार को अति महारूद्र यज्ञ सह मेला समिति द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ ध्वजारोहण किया गया. इस अवसर पर बजरंगबली की विशेष पूजा कर आगामी धार्मिक अनुष्ठान की सफलता की कामना की गई.समिति के सदस्यों ने जानकारी दी कि आगामी 7 मार्च से श्री श्री 108 अति महारूद्र यज्ञ का शुभारंभ होगा. जो 17 मार्च तक चलेगा. यज्ञ के साथ-साथ भव्य मेले का भी आयोजन किया जाएगा. मेले को लेकर विभिन्न प्रकार की दुकानों का पहुंचना प्रारंभ हो गया है. जिससे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बनने लगा है.यज्ञ एवं मेले के सफल आयोजन को लेकर समिति के सदस्य जोर-शोर से तैयारियों में जुटे हुए हैं.ध्वजारोपण कार्यक्रम के मौके पर समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर साह, सचिव अजय भगत, धीरज मोदी, विपीन गुप्ता, रुपक मित्रा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.

## एडमिट के नाम पर वसूली का आरोप, 11वीं की छात्राओं ने बीडीओ से की शिकायत



संताल एक्सप्रेस बरहेट/ साहिबगंज- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय दलदली बरहेट)में 11वीं कक्षा की छात्राओं से प्रवेश पत्र देने के नाम पर राशि मांगने का मामला सामने आया है. इस संबंध में छात्राओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से शिकायत की है. मंगलवार को विद्यालय की 11वीं की छात्राएं सूरुजमुनी टुडू और मानी टुडू ने बताया कि बुधवार से परीक्षा आयोजित है. परीक्षा में शामिल होने के लिए वे प्रवेश पत्र लेने शिक्षक सीताराम गुप्ता उर्फ सुमन कुमार के आवास पहुंची. छात्राओं का आरोप है कि शिक्षक अपने घर पर ही प्रवेश पत्र का वितरण करते हैं. जब उन्होंने प्रवेश पत्र मांगा तो उनसे कहा गया कि उन्होंने टेस्ट परीक्षा नहीं दी है. इसलिए 1500 रुपये जमा करने होंगे. तभी प्रवेश पत्र दिया जाएगा.

छात्राओं ने यह भी आरोप लगाया कि अन्य छात्राओं से भी प्रवेश पत्र के नाम पर 200 से 300 रुपये तक लिए जाते हैं. आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए दोनों छात्राएं मामले की शिकायत लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडे के पास पहुंचीं और पूरी जानकारी दी. उस समय संबंधित शिक्षक भी मौजूद थे.बीडीओ ने तत्काल प्रवेश पत्र देने का निर्देश देते हुए कहा कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने बताया कि अगले दिन जांच टीम गठित की जाएगी.इधर छात्राओं ने इस संबंध में प्रखंड प्रमुख को लिखित शिकायत सौंप दी है तथा उप प्रमुख को भी अपनी पीड़ा से अवगत कराया है. मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना

## टास्क फोर्स की बैठक में बीडीओ ने कहा-शेष बचे बच्चों का शीघ्र टीकाकरण के दायरे में लाएं

संताल एक्सप्रेस संवाददाता उधवा-प्रखंड कार्यालय कक्ष में मंगलवार को बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई. बैठक में उधवा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गुफरान आलम एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमर कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए. बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की बारीकी से समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए.बीडीओ सह सीओ श्री तिवारी ने सर्वप्रथम एमडीए कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए प्रखंड के शेष बचे क्षेत्रों में दवा खिलाने का निर्देश दिया.साथ ही छूटे हुए विद्यालयों में बच्चों को अनिवार्य रूप से एमडीए की दवा उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया.उन्होंने आईआरएस छिड़काव को लेकर एमपीडब्ल्यू के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया. बताया गया कि आगामी 26 फरवरी से मलेरिया, कालाजार एवं फाइलेरिया उन्मूलन के उद्देश्य से आईआरएस छिड़काव अभियान चलाया जाएगा. बैठक में जीरो डोज टीकाकरण की भी समीक्षा की गई. जिसमें जानकारी दी गई कि कुल 368 लक्षित बच्चों में से अब तक 309 बच्चों का टीकाकरण पूरा किया जा चुका है. शेष बच्चों को शीघ्र टीकाकरण के दायरे में लाने का निर्देश दिया गया. मौके पर महिला पर्यवेक्षिका सुशीला हेंब्रोम, रंजीत कुमार, विनोद कुमार शर्मा, रवि कुमार, अनिल कुमार पाल, राजकुमार गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे.

## बरहरवा में पंचायत सहायकों का 12 माह का मानदेय लंबित, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन




संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहरवा- बरहरवा प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत पंचायत सहायकों ने अपने पिछले 12 माह से लंबित मानदेय के भुगतान की मांग को लेकर प्रखंड प्रशासन से गुहार लगाई है. इस संबंध में पंचायत सहायकों की ओर से बरहरवा प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन सौंपा गया है.आवेदन में बताया गया है कि सभी पंचायत सहायक वर्ष 2016 से लगातार प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत हैं. लेकिन बीते एक वर्ष से मानदेय का भुगतान नहीं होने के कारण उनके समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है. सहायकों ने कहा है कि मानदेय नहीं मिलने से परिवार के भरण-पोषण में गंभीर कठिनाइयां आ रही हैं और कई परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं.पंचायत सहायकों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि लंबित 12 माह का बकाया मानदेय यथाशीघ्र भुगतान कराया जाएं ताकि वे सामान्य रूप से अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन कर सकें. उन्होंने आशा जताई है कि प्रखंड प्रशासन उनकी समस्या पर संवेदनशीलता से विचार करते हुए शीघ्र समाधान करेगा.इस संबंध में प्रखंड प्रशासन की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी है. पंचायत सहायकों ने जल्द भुगतान नहीं होने पर आगे की रणनीति बनाने का संकेत भी दिया है.

## मतदान के दुसरे दिन जीत का समीकरण बनाने और बिगाड़ने में लगे रहे प्रत्याशी




राजमहल- राजमहल नगर निकाय चुनाव में मतदान होने के बाद दुसरे दिन से प्रत्याशी जीत की समीकरण को लेकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ लगे हुए हैं. वही चौक चौराहे में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है कि इस बार राजमहल नगर अध्यक्ष के कुर्सी पर राज करने के लिए क्या दोहराया जाएगा या फिर नए प्रत्याशी को मौका मिलेगा. चुनावी समीकरण यह भी बता रहा है कि इस बार आने वाले गर्मी को देखते हुए लोग एयर कंडीशन की ओर भी गया है या फिर अंधेरे में उजाला ढूंढने के लिए टोर्च की ओर गया है या फिर बुढ़ापे का सहारा लेकर छड़ी की ओर मतदाता गया है. यह तो आने वाले 27 तारीख को ही दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा. कि राजमहल नगर अध्यक्ष के कुर्सी पर कौन राज करेगा. चर्चा का विषय यह भी है कि सरल स्वभाव के होने के कारण निवर्तमान नगर अध्यक्ष केताबुद्दीन शेख को ही दोबारा मौका दिया गया है. या फिर पूर्व नगर अध्यक्ष को मौका दिया गया. या फिर नए नगर अध्यक्ष प्रत्याशी को राजमहल में विकास की उम्मीदों को लेकर मतदाता मौका दिया. इस बार मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया और वह सुबह से ही अपने मतदान केंद्र में पहुंचकर अपना मताधिकार का प्रयोग किया. पिछले बार की तुलना से इस बार मतदात प्रतिशत भी ज्यादा रहा क्या लोगों ने अपनी राजमहल के विकास की ओर देखते हुए मतदान किया है या समीकरण आने वाले 27 तारीख को ही पता चलेगा.


**Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation Limited (JIIDCO)**
(A Govt. of Jharkhand Undertaking)
5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi – 834001 (Jharkhand)
e-mail- jiidcoltd@gmail.com, www.jiidco.co.in, Phone no. 0651-3512851
CIN U45208JH2004GOI011078

Letter no: -117 dated: -24.02.2026

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**
**2nd Call**
**(through e-procurement mode only-www.jharkhandtenders.gov.in)**
**NIT No.- JIIDCO/26/Women Hostel/SBD/2025-2026**

Designation and Address of the Advertiser : -Chief Engineer, JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001

1. Mode of submission of tender : - Online through www.jharkhandtenders.gov.in
2. Date of publishing on portal and website : - 26.02.2026
3. Start date for downloading of the Bid Documents : - 26.02.2026, 2:00 P.M onwards
4. Last date for submission of Bidding Documents : - 11.03.2026, up to 4:00 P.M.
5. Bid opening date (Technical) : - 12.03.2026 at 5:00 P.M.
6. Details of works: -

| Bid No. | Name of work | Estimated Cost/ECV (Rupees) | Amount of Earnest money (E.M.D) (Rupees) | Cost of BOQ (Non-refundable in Rupees) | Time of completion of work (Months) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | Construction of 100 Bedded Working Women Hostel at Devipur, Deoghar (Near AIIMS), Jharkhand | 9,58,56,319.00 | 9,60,000.00 | 11,800.00 | 18 months |

7. Tender fee (non-refundable) & EMD is to be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender fee Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from http://jharkhandtenders.gov.in. **portal.**
Refund will only be issued to Originated bank account used for the payment of EMD. So, bidders are advised NOT to close the above Bank Account used for online payment NEFT/RTGS of EMD.
No Hardcopy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/evaluation. However, Department may ask original documents for verification before award of contract.
8. Bid Validity :- 180 days
9. Place of opening of Technical Bid : - JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001
10. For any information/complaints the department helpline no. M.b.no. 7004785102 may be contacted.
11. Further details can be seen on website- www.jharkhandtenders.gov.in.
12. Any Corrigendum or Addendum will be notified on website:- www.jharkhandtenders.gov.in only.

**Note: (i) Any change can be seen on website** www.jharkhandtenders.gov.in
**(ii) Any other information can be seen on** www.jharkhandtenders.gov.in
(iii) **The estimated cost mentioned above in sl. No.6 column no. 3 is approximate which may increase or decrease.**

Sd/-
Chief Engineer
JIIDCO Ranchi

PR 373566 Jharkhand Industrial Infrastructure Dev Co Ltd(25-26).D



**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोड्डा।**

**—:सूचना:—**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, दिल्ली एवं झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, राँची के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोड्डा द्वारा दिनांक :–**14-03-2026** को **राष्ट्रीय लोक अदालत** का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर, गोड्डा में किया जा रहा है।

**उक्त अदालत में निम्न प्रकार के मामलों का निष्पादन सुलह–समझौते के आधार पर किया जायेगा:–**

1. सुलहनीय अपराधिक मामले
2. पराक्रम्यविलेख के धारा 138 के मामले
3. बैंक ऋण वसूली सें संबंधित मामलें
4. मोटरयान दुर्घटना से संबंधित मामले जिसमें दुर्घटना सूचना प्रतिवेदन एवं राज्य परिवहन विभाग से संबंधित मामलें शामिल है।
5. वैवाहिक विवाद सें संबंधित मामलें, उत्पाद अधिनियम, विद्युत अधिनियम, वन अधिनियम सें संबंधित मामलें
6. श्रमिक विवाद सें संबंधित मामलें
7. भू–अर्जन से संबंधित मामले
8. बिजली, पानी बिल सें संबंधित मामलें, सेवा सें संबंधित भुगतान , भत्ते और सेवा–निवृत्त लाभ से संबंधित मामलें
9. राजस्व से संबंधित मामलें
10. अन्य दीवानी मामलें जिसमें दाखिल खारिज, बटवारा, किरायादारी , विशिष्ठ अनुतोष अधिनियम से संबंधित वाद एवं सुखाधिकार सें संबंधित मामलें,
11. अन्य मामलें

अत : सभी पक्षकारों से अनुरोध है कि आप अपने–अपने मामले के त्वरित निबटारें हेतु संबंधित न्यायालय एवं विभागों के माध्यम से अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में भेजवाकर मामलों का निष्पादन करावें।

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
गोड्डा

PR 373502 (Law) 25-26 (D)



**झारखण्ड राज्य विद्युत नियामक आयोग**
प्रथम तल्ला, झारखण्ड राज्य हाउसिंग बोर्ड (पुराना मुख्यालय), हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची- 834002

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने वर्ष 2024–25 का True-up, वर्ष 2025–26 का Annual Performance Review (APR), वर्ष 2026–27 से वर्ष 2030–31 का ARR (MYT), Business Plan तथा वर्ष 2026–27 का विद्युत वितरण दर निर्धारण करने हेतु आयोग के समक्ष आवेदन दिया है।

विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों के अनुसार विद्युत वितरण दर निर्धारण करने के पूर्व उल्लेखित आवेदन पर झारखण्ड राज्य विद्युत नियामक आयोग, राँची के द्वारा जन–सुनवाई निम्नलिखित तिथियों को उनके सामने दर्शाये गए समय एवं स्थानों पर होना सुनिश्चित किया गया है:–

| कम्पनी का नाम | जन-सुनवाई की तिथि एवं समय | जन-सुनवाई का स्थान |
|---|---|---|
| झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जे.बि.वि.एन.एल.) | 26.02.2026 (गुरूवार) को 11:30 बजे पूर्वाह्न से | कन्वेंशन सेंटर, कृषि पार्क, करहरबिल, दुमका |
| | 27.02.2026 (शुक्रवार) को 03:00 बजे अपराह्न से | सामुदायिक भवन, कोयला नगर, बी.सी.सी.एल., धनबाद |
| | 28.02.2026 (शनिवार) को 03:30 बजे अपराह्न से | आई.एम.ए. हॉल, करमटोली चौक, बरियातू रोड, राँची (प्रेस क्लब के नजदीक) |

अत: सभी इच्छुक व्यक्ति/संस्था, उपभोक्ता समूह एवं विज्ञप्तिधारियों को सूचित किया जाता है कि जन–सुनवाई में उपस्थित होकर अपने सुझाव, आपत्तियाँ एवं मंतव्य आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

आदेशानुसार
ह./- सचिव

## झारखंड आंदोलनकारीकोवाक् विधानसभा मार्च 10 मार्च खो़न



खोबोरिया

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा खो़ज खा़गित् 10 मार्च खो़न अनिश्चितकालीन विधानसभा मार्च होयोक्आ। का़मीहो़रा दो़ सेताक् 11 बजे भगवान बिरसा मुंडावाक् मुरती रे बाहामाला आराव काते एहो़बो़क्आ। नोआ काथा दो़ मंगलवार हिलोक् मोर्चा रेन संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतोय ला़ई केदा। उनी दो़ प्रेस विज्ञप्ति जारी कातेय ला़ई केदा जे प्रदर्शन कामीहोरा रेयाक् ओ़ल आरदास सूचना सिरा़मंत्री आर जिला प्रशासन ठेन कोल आकाना। पुष्कर महतो दो़य मेन केदा जे आंदोलनकारी ताहेंन जो़म ञू रेयाक् बेबो़सता सालाक्को विरोध प्रदर्शना। मेन केदाय जे मोर्चा रेयाक् स्वाभिमान आर आधिकार रेयाक् लाड़हा़ई जारी ताहेंना। ला़ई केदाय जे पो़नो़त गो़ठो़न तायो़म 3503 आंदोलनकारीको बेण्डाव चुका़उ आकाना आर ओनको रेन आसरायको झिला़वक् काना। आंदोलनकारीको दो़ मानो़त आर न्याय ञाम हा़बिच् संघष्र जारी दो़हो़य रेयाक्को एकराड़ आकाना। मोर्चावाक् खो़ज मेनाक्आ जे जेहेल सेनो़क् बाध्यता चाबा काते जो़तो़ झारखंड आंदोलनकारीको 50-50 हजार टाका मानो़त पेंशन एमावाको मा। सांवते गे आंदोलनकारी रेन आसरायकोवाक् आ़धिकार रक्षा आर दिसोम गुरू शिबू सोरेन गजट नोटिफिक्रेशन होतेते सर्वोच्च स मान एमावाय होयोक् मा।

## खूंटी नगर पंचायत चुना़व : 27 फरवरी हिलोक् बाडायो़क्आ 80 गो़टेच् प्रत्याशीकोवाक् भागगो़



खोबोरिया

**खूंटी।** खूंटी नगर पंचायत चुना़व रे अध्यक्ष हुदा़ ला़गित् किस्मत ल लेगायेत् कान पेया प्रत्याशीको घालो़क् वार्ड पार्षद हुदा़ रेन 77 उ मीदवारकोवाक् भागगो रेयाक् फयसाला 27 फरवरी हिलोक् होयोक्आ। प्रत्याशी गे बाङ, ओनको रेन सो़मो़रथो़क हों आको आको समीकरण आधार रे जिता़उ हाराव रेयाक्को दा़बीयेत् काना। नगर पंचायत रेयाक् नोआ चुना़व चाहे दो़ गैर दलीय आधार रे होयाकान, मेनखान टोठारिया़ ता़री रे आसो़ल राजनीतिक दो़ल दो़ खुला़ते आको आकोवाक् सोमो़रथो़न उ मीदवार नाखा रे माहौलको बानाव केदा। अध्यक्ष हुदा़ ला़गित् भारतीय जनता पार्टी दो़ रानी टूटीय सो़मो़रथो़न आकावादेया आर झामुमो दो़ सोनम बागे नाखा रे दाड़ेय को़यो़क् आकावादा। नोते कांग्रेस दो़ मानो़नीत बोदराय सो़मो़रथो़न आकावादेया। नितो़क् जो़तो़कोवाक् नो़जो़र 27 फरवरी हिलोक् भो़टलेखा रेको बेंगेत् आकावादा, तिन रे नोआ साफाक्आ जे शहरी मतदाता दो़ ओ़को़य आको रेन भारो़साको एम आकावादेया आर ओ़को़य समीकरण सा़ही सा़बित आकाना।

## धोनी ऐसी बाइक चालाव तुलुच्ए ञेलेना नोआ दो़ भारत रे बाङ लांच आकाने ताहेंना



खोबोरिया

**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम रेन माड़ाङ रेन कप्तान महेंद्र सिंह धोनी दो़ बाइक्स रे देजो़क् ला़गित् ते आ़डी रा़सका़ मेनाक्ताया। रांची रेयाक् सो़ड़ो़क् रे हों उनी दो़ आयमा धाव ते बाइक चालाव तुलुच्ए ञेलेना। उनी ठेन नाना-हुना़र बाइक मेनाक्ताया। ओनको मुद रे डुकाटी, कावासकी, हार्ले-डेविडसन, यामाहा छाडा आयमा विंटेज आर हाई-परफॉर्मेंस बाइक्स हों मेनाक्ताया। नो़ते नित धोनी दो़ मित्टेन वीडियो रे नोडकान बाइक चालाव तुलुच्ए ञेलो़क्काना जे नोआ दो़ भारत रे गे बाङ लांच आकान ताहेंना। नोआ दो़ यामहा रेयाक् एसआर 400 काना। नोआ दो़ आ़डी मारे जुग रेयाक् ऐसी बाइक काना नोआ दो़ भारत रे आ़डीको़म हो़ड़ ठेन गे मेनाक्आ। नोआ क्लासिक रेट्रो-स्टाइल मोटर साइकिल दो़ 1970 सेरमा रेयाक् यूनिवर्सल जापानी मोटर साइकिल्स उतकुत् कातेत् 1978 रेको बेनाव लेदा, मेनखान 2021 सेरमा रे नोआ बेनाव दो़को बों़द केदा। नोआ रेयाक् ओ़जे दो़ नोआ काना जे मारे टेक्नोलॉजी बाइक ताहेंकाना। नोआ बाइक दो़ कस्टमाइजेशन ओ़जे ते आ़डी डामडा़हीयाकाना। ओना इया़ते भारत दो़ आधिकारिक रूप ते बाय लांच लेदा, एकेन बाहरे खो़ने आ़गू लेदा।

## उपायुक्त दो़ ईवीएम वेयरहाउसए ञेल ओ़नमान केदा सुरक्षा मानक पालो़न रेयाक्ए हुकुमात्कोआ




खोबोरिया

पूर्वी सिंहभूम। पूर्वी सिंहभूम जिला़ रे मंगलवार हिलोक् जिला़ निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी दो़ जमशेदपुर सदर प्रखंड रेयाक् कीताडीह रे मेनाक् ईवीएम वेयरहाउसए ञेल ओ़नमान केदा। नोआ ओ़कते उनी दो़ वेयरहाउस रे दो़हो़येन ईवीएम आर वीवीपैट मिसिन सुरक्षा, दो़हो़जोगाव अर निगरानी बेबो़सता फयलाव तेय कुलीयाना। ञेल ओ़नमान ओ़कते उपायुक्त दो़ सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी कैमरा रेयाक् का़मीतेत् रिकॉर्डिंग सिस्टम आर ओना रेयाक् बैकअप बेबो़सता गा़हिर तेय कुलीयाना। उपायुक्त दो़य मेन केदा जे वेयरफाउस छाटका रे सुरक्षा बेबो़सता पुरा़उ ते चाक चौबंद ताहेंयेना आर अनधिकृत बो़लो़क् रे पुरा़उ ते बारो़न होयोक्। सीसीटीवी कैमरा लागातार रिकिड़ ताहेंनपे, ओना रेयाक् रिकॉर्डिंग जावगे बैकअप हाताव होयोक् आर सो़मो़य सो़मो़य रे ओना जांच होयोक् । सांवते गे सुरक्षा बेबो़सता जावगे ऑडिट, रिपोर्टि प्रणाली रेयाक् सो़मो़य रे समीक्षा आर उच्च स्तरीय निगरानी तंत्र आर केटेच् रे जो़रे एम केदा। ञेल ओ़नमान ओ़कते आयमा राजनीतिक दो़ल रेन प्रतिनिधि होंको सेलेत् एना, ओ़को़य दो़ पुरा़उ प्रक्रियाय ञेल केदा।

## बारया बाइक ठो़को़रेन रे मित् हो़ड़े गो़च् एना, दोसारिच् दो़य जो़खो़मेना

खोबोरिया

जमशेदपुर। बिष्टुपुर रे ओ़तेमाहां हिलोक् ञिन्दा़ मोटामुटी 9 बजे मौदी पार्क आर कॉन्वेंट स्कूल ताला रे बारया बाइक आमने-सामने खो़नठेको़रेन रे मित्टेन जुवा़ने गो़च् एना आर से नो़ते दोसारिच् दो़य घा़ल एना। घा़लेन जुवा़न दो़ टाटा मेन अस्पताल रे रान ओचोये ला़गित्को भुरती केदेया।ञेञेल हो़ड़ाक् ला़ई लेकाते नुना़क् मुरूक ठो़को़र लेना जे बानार बाइक रेकिन देच् आकान ताहेंन हो़ड़ दो़ आ़डी चोट राकाप् काते आ़डी झा़ल रेकिन ञुरेना। घो़टना तायो़म हो़ड़ दो़को आंदमांदाव चाबायेना। टोठाकिया़ हो़ड़ दो़ बिनबिला़माते बानार घा़ल आकान हो़ड़ दो़ उसा़रा ते टाटा मेन अस्पताल तेको इदि केत्किना। ओ़न्डे रारानको दो़ जांच तायो़म



बर्मामाइंस रेन गिरा़बा़सी गजेंद्र यादव (45) दो़य गो़च्एन काथाको सारसादले केदा। डॉक्टराक् मेन लेकाते उनी दो़ बो़हो़क् आर हो़ड़मो रे आयमा ठेन आ़डी काजाके बाजावाकान ताहेंकाना, ओनाते उनीयाक् जिवी दो़ चालावाकान ताया। दोसारिच् जुवा़नाक् हालो़त दो़ आ़डी मुसकिलको ला़येत्कान ताया। अस्पताल प्रबंधनाक् ला़ई लेकाते उनी दो़ आईसीयू रेको दो़हो़ आकादेया आर गा़खुड़ डॉक्टरकोवाक् टीम दो़ मित् गे तालाव उनीयाक् हालो़त रे नो़जो़रको गा़ड़या़उ आकादा। टोठाकिया़ हो़ड़को मेनेत् काना जे घो़टना ओ़कते मित्टेन बाइक दो़ गलत दिशा सेच् खो़न हिजुक्कान ताहेंकाना, ओनका रे आमने-सामने खो़न ठो़को़रेना। हें मेनखान पुलिस दो़ जांच रेको जुटा़वाकाना। गो़च्एन गजेंद्र यादव दो़ वैन गा़डीय चालाव बाड़ाया आर उनी तायो़म रे नित दो़ ओड़ाक् हो़ड़ आर पेया कुड़ी गिदरा़य बा़गी आटोकात्कोआ। घो़टना रेयाक् खो़बो़र ञाम सांवते घारो़ंज रेन हो़ड़ दो़ अस्पताल तेको सेटेरेना, ओ़न्डे ओनको दो़ राक्-राक् तेको थाकाव चाबावाकान ताहेंकाना।

## बेरेत्पे आदिवासी

– **प्रोफेसर सुकेशी कर्मकार**
(झा.रा.खु.वि.वि. रांची, झारखण्ड)



बेरेत्पे आदिवासी,
इञ हादोस, नाचार आदिवासी।
सिरजोनाक् कोले रे
हारा बुरू जाय जुग।
हांडु ञेल ते दारे रे
देच् इञ चेत् एन,
खिलडू एनेच् जिया़ली खो़न
जियोन खांडाव चेत् एन।
नांड़ी ओ़र ते हिला़उ एन,
ओ़ना ञेल ते एनेच्इञ चेत् एन।
कोलाक् कुकु खो़न
सेरेञ चेत् एन।
सिरजो़न गे जो़तो़ एमो़क्इच्,
मेनखान मानवाकोवाक् लो़ब बा़ड़ती एन।
ओ़को़याक् ओ़ड़ाक् खान,
ओ़को़याक् बुरू जेगेत् लुटुच् इदी एन।
सेंदरा, रो़हो़न-सो़हो़न
जो़तो़ बिर बुरू खो़न चेत् एन।
चेत् आले दो़ मा़नमी कानाले?
से ठो़क रेयाक् गो़ड़हो़न।
निजाक् सारथी खा़तिर
सेगेंल डिगडिगा़क्कान,
धा़रती पुरी रेयाक् सेतोङ जुलुक्।
मित् टाङ बुरू जुलुक् खान
मा़नमीको एलाङो़क्,
मा़नमीको एलाङ झारकाक् खान
सानाम जा़त गाताक् गेको चाबाक्आ।
तेहेञ जाहांय बिर-बुरू ओ़त-हासाय रुखियाया
उनी ला़गित् कानून बेनाव आकान गो़जो़क् बाराग।
आदो़क् काना ओ़नकोवाक् जियो़न ओ़नकोवाक् ओ़नो़रो़म।
मेटाक् काना ओनकोवाक् जा़ति ओपरोम,
उछा़तो़क् काना जिवी मायाङ।
बेरेत्पे आदिवासी, कोरावमे उलगुलान।
बाञ्चावपे आपनार हासा, आपनार मानो़त।
एनखान गे बाञ्चाव दाड़ेयाक्आ निया़ धरती,
एनखान गे बाञ्चाव दाडेयाक्आ निया़ जेगेत।
तो़बे गे बाञ्चाव ताहेंना
बिर-बुरू आर आ़दिवा़सीकोवाक् हो़क अधिकार।

## बो़छो़र 2026 रेयाक् पा़हिल ञिंन्दा़चांदो गाहना 3 माच हिलोक् 3 घंटा 27 मिलिट धा़बिच्ए ञेलो़क्आ

खोबोरिया

नावां दिल्ली। 2026 रेयाक् पा़हिलाक् ञिन्दा़चांदो गाहना दो़ 3 मार्च हिलोक् पाड़ावक् काना। पंचांग लेकाते, नोआ गाहना दो़ तिकिनतारासिञ खो़न ञुहुम ताला ताहेंना आर निया़ बो़छो़र रेयाक् आ़डी घा़ड़िच् ञिन्दा़चांदो गाहना कानाको ला़येत् काना। खास काथा नोआ काना जे निया़ दिन ञिन्दा़ रे होलिका दहन होयोक्आ, आर दोसार हिलोक् 4 मार्च हिलोक् होली एनेच् होयोक्आ। नोआ गाहना दो़ पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र आर सिंह राशि रे घाटावक् काना, ओनाइया़ते धो़रो़मतेयाक् मान्यताको लेकाते, नोआ रेयाक् सूतक काल हों मान्य मानावक्आ। भारतीय सो़मो़य लेकाते, चंद्रगहण दो़ तिकिन पासेच् 3 बजेकाते 20 मिलिट रे एहो़बो़क्आ आर ञुहुम 6 बजे 47 मिलिट रे मुचा़दो़क्आ। नोआ लेका गाहना दो़ पासेच् 3 घंटा 27 मिलिट रेयाक् ताहेंना। मान्यता लेकाते, चंद्रगहण रे सूतक काल दो़ गाहना खो़नक् पासेच् 9 घंटा लाहा एहो़बो़क् काना। नोआ गाहना खो़न सूतक काल दो़ 3 मार्च सेताक् पासेच् 6 बजे 20 मिलिट खो़न एहो़बो़क्आ, ओकादो़ गाहना मुचा़दो़क् धा़बिच् प्रभावी ताहेंना। सूतक काल ओ़कते पुजा़ पाठ आर मुंदिल सांव जोड़ाव का़मी खो़न फराक दो़हो़य रेयाक् परंपरा मेनाक्आ। दाका इसीन आर गाहना काल रे दाका जो़म खो़न बांचाक् रेयाक् मान्यता मेनाक्आ। बेगो़र खास जा़रूड़ ते बाहरे ओडोको़क् हों मोंज बाडको मानावेत् काना, खासकाते भा़रती हो़ड़मो मायजिवको, हाड़ामबुढीको आर रूवा़क् हो़ड़को ओड़ाक् भिता़र रे ताहेंन सोलहा एमावाको काना। नोआ चंद्रग्रहण दो़ भारत रेयाक् आदो़म टोठाको रे साफा ते ञेलो़क्आ। पूर्वोत्तर भारत रेयाक् आयमा पो़नो़त जेलेका असम, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, नागालैंड आर मणिपुर रे गाहना दो़ साफा ते ञेल दाड़ेयाक्आ। नोआ छाडा पश्चिम बंगाल रेयाक् आदो़म टोठा हों नोआ रेयाक् प्रभाव ञेल दाड़ेयाक्आ। भारत छाडा नोआ चंद्रग्रहण दो पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, इराक घालो़क् पासेच् पुरा़ एशिया रे ञेल दाड़ेयाक्आ। नोआ सांवते गे ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, रूस आर उत्तर दक्षिण अमेरिका रेयाक् आयमा टोठा रे हों नोआ खगोलीय घो़टो़ना ञेल दाड़ेयाक्आ।

## झारखंड एयर एमबुलेंस घो़टना रे बिहार रेन डॉ. विकास गुप्ता हो़ंय गो़च् एना

खोबोरिया

**पटना।** झारखंड रेयाक् राजधानी रांची खो़न दिल्ली ते चालाक्कान ताहेंन रेडबर्ड एयरवेज रेयाक् एयर एंबुलेंस दो़ ओ़तेमाहां हिलोक् ञिन्दा़ सेच् चतरा जिला रे क्रैश एना। नोआ घो़टना रे एयाय गो़टेच् हो़ड़को गो़च् एना, नोआ रे बिहार रेन गिरा़बा़सी एनस्थीसिया एक्सपर्ट डॉ. विकास कुमार गुप्ता हो़ंय सेलेत् मेनाया। बिहार रेयाक् औरंगाबाद जिला रेयाक् मदनपुर थाना टोठा रे मेनाक् मेनका आतो रेन गिरा़बा़सी बजरंगी प्रसाद रेन कोड़ा डॉ. विकास कुमार गुप्ता दो़ मित् बो़छो़र खो़न रांची रेय ताहेंनकान ताहेंना। उनी दो़ रांची सदर अस्पताल रेय एनस्थीसिया एक्सपर्ट लेका तेय का़मीकान ताहेंना। उनी रेन एरातेत् दो़ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) कचहरी शाखा रेय का़मी काना। उनी रेन आरे बो़छो़र उमा़र रेन मित्टेन कोड़ा मेनाय ताया। डॉ. गुप्ता दो़



चिकित्सा आपातकालीन निकासी लाड़ावानाक् रे एक्टिव एनेमे कुरावेत्कान ताहेंना। उनी आ़डी आचकाये गो़च्एन ते डॉक्टर दो़को धाक मारावेना। डॉ. विकासे गो़च्एन रेयाक् खो़बो़रको बाडाय ञामकेत् रे आको आतो रेन हो़ड़ दो़को दुक एना। रांची रेन डॉक्टर आर प्रशासनिक अधिकारीको दो़ आकोवाक् दुकको सो़दो़र केदा। ला़येत् कानाको जे घो़टना खो़न मित् दिन लाहा उनी दो़ सेना रेन मित्टेन जवान सुरक्षित एयर लिफ्ट एमावादे ताहेंना। नोडकान जीवन रक्षक डॉक्टर दो़ आचकाय गो़च्एन ते जो़तो़ हो़ड़ आ़डीको भाबानायेना। उनी रेन एरातेत् आर कोड़ा गिदरा़ ताकिन दो़ नित आ़डी मुसकिल रेकिन पाड़वेना। आजाराकान हो़ड़ाक् जियोन बांचाव ला़गित् तेय ओडोक लेन डॉक्टराक् मुचा़त् सा़गार दो़ नित मित्टेन माराङ घो़टना रे बो़दो़लेना। घो़टना होयेन रेयाक् ओ़जे दो़ नित हा़बिच् ते बाङ बाडाय ञाम आकाना। रूवा़क् हो़ड़ाक् जियोन बांचाव ला़गित् ते मित्टेन डॉक्टर दो़ मुचा़त् सा़गार ताक रे गेय गो़च्एन ते जो़तो़ हो़ड़ आ़डीको दुक एना।

## कोड़ा दो़ आच् गो़गो़ आपनारे ला़गित् ते बाय रेबेन लेना ईसाई धो़रो़म बा़गीय ला़गित्ए मेतावादेया

### .जावांये बेण्डावेन तायो़म ओड़ाक्ए बा़गीवादा दाड़ां बाड़ाय तुलुच्ए सेटेरेना कोलकाता शेल्टर होम

खोबोरिया

**कोलकाता।** कोलकाता रे मित्टेन शेल्टर होम रेय ताहेंनो़क्इच् उमा़रान मायजीव दो़ घारो़ंज रेन हो़ड़ आपनारे ला़गित् ते बाको रेबेन लेना। नोआ रेयाक् ओ़जे दो़ सा़गाई रे जाहांन आ़ड़िस आर झो़गड़ा दो़ बाङ काना बिचको़म धो़रो़म बो़नो़दो़ल खा़तिर ते होय आकाना। बाडाय ञाम आकान लेका रे मायजीव दो़ मोटामुटी बार दशक माड़ाङ रे आकोवाक् ओ़ड़ाक् खो़ने आत् लेन ताहेंना। ओना तायो़म उनी दो़ दाड़ां-दाड़ां ते कोलकाता रेयाक् मित्टेन शेल्टर होमे सेटेरेना। मुचा़त् रे मायजीव सुशीला मुर्मूवाक् ओ़ड़ाक्को बाडाय ञाम केदा, ओना दो़ झारखंड गोड्डा जिला रेयाक् मित्टेन आतो रेय ताहेंनकान ताहेंना। मायजीव दो़ तिन रे ओड़ाको इदी केदे खान ओड़ाक् रेन हो़ड़ दो़ उनी ओड़ाक् रे दो़हो़ये ला़गित् तेको बाको रेबेन लेना। नोआ रेयाक् ओ़जेको ला़ई केदा जे उनी दो़ धो़रो़मे बो़दो़ल केदा आर उनी दो़ बिदिन धो़रो़म बा़गी कातेत् ईसाई धो़रो़मे आपनार केदा। मीडिया रिपोर्ट लेका ते गोड्डा जिला रेयाक् दहुपनगर आतो रेन ताहेंनो़क्इच् मायजीव रेन कोड़ा मदन बेसरा दो़ प्रस्तावे दो़हो़ केदा जे जुदी इञ गो़गो़ ईसाई धो़रो़म बा़गी कातेत् बिदिन धो़रो़मे आपनार रूवा़ड़ेत्कान खान उनीं दो़हो़येया। नोडका ला़गित् ते मायजीव दो़ बाङकेत् तेखान कोड़ा हों आपनारे ला़गित् तेय बाङ केदा। मायजीव रेन कोड़ा मदन आर उनी रेन घारो़ंज दो निया़हा़ली ओना ओड़ाक् रे गेको ताहेंन काना, ओना इया़ते आच् गो़गो़ दो़ ओड़ाक्ए बा़गीवात् ताहेंना। आच् जावांय बेण्डावेन तायो़म एंगात दो़ ओड़ाक् खो़ने ओडोङ चालाव लेन ताहेंना। मोटामुटी 70 बो़छो़र उमा़र रेन मायजीव दो़ कोड़ावाक् काथा बाय सेनादा आर रे मेन केदा जे इञ दो़ ईसाई धो़रो़म गेञ मानावा।



## माकपा की जनसुनवाई और दिल्ली रैली को लेकर दुमका में रणनीति तैयार

**दुमका :** केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 24 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित होने वाली माकपा की विशाल रैली की तैयारी को लेकर दुमका जिला कमिटी की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। इस बैठक में क्षेत्र में बढ़ते विस्थापन, प्रदूषण, बदहाल खेती और सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा की गई और संघर्ष का बिगुल फूंका गया। बैठक को संबोधित करते हुए माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि संताल परगना में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला कंपनियों द्वारा खनन के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जिससे विस्थापन का एक नया और विनाशकारी दौर शुरू होने वाला है। उन्होंने बताया कि माकपा ने इस ज्वलंत मुद्दे पर एक गहन सर्वेक्षण किया है, जिसकी विस्तृत रिपोर्ट 7 मार्च को दुमका में सार्वजनिक की जाएगी।

पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य एहतेशाम अहमद ने दिल्ली रैली के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए घोषणा की कि दुमका जिले से कम से कम 200 कार्यकर्ता इस रैली में हिस्सा लेने दिल्ली कूच करेंगे। वहीं, राज्य कमिटी सदस्य सुभाष हेम्ब्रम ने जानकारी दी कि 7 से 9 मार्च के बीच दुमका सदर, काठीकुंड, गोपीकांदर और शिलंगी मोड़ जैसे क्षेत्रों में स्थानीय जनमुद्दों को लेकर 'जनसुनवाई' कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

रानी सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में अखिलेश झा, आरेला टुडू, सनातन देहरी, जर्मन देहरी, दिनेश्वर देहरी, असना देहरी, उषा कुमारी, आशा झा, मंसुर अंसारी और अनिल मोहली सहित कई प्रमुख नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एनिमिया मुक्त भारत अभियान के तहत 80 बच्चों की स्वास्थ्य जांच

**मसलिया ।** एनिमिया मुक्त भारत अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मसलिया की ओर से मंगलवार को विभिन्न विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। आयुष चिकित्सक उज्ज्वल कुमार पाल, एएनएम निशा कुमारी एवं नीलम कुमारी की टीम ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पोखरिया तथा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय घुरमुन्दनी में कुल 80 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर के दौरान बच्चों का हीमोग्लोबिन स्तर जांचा गया तथा आंख, कान, नाक, गला एवं त्वचा की भी जांच की गई। जांच के बाद बच्चों को संतुलित आहार लेने, हरी पत्तेदार सब्जियां, दाल, चना, गुड़, फल आदि के सेवन की सलाह दी गई। स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि सही खान-पान और नियमित जांच से एनीमिया जैसी समस्या से बचाव संभव है। इधर मनोहरचोक क्षेत्र में भी सीएचओ वंदना कुमारी एवं एएनएम द्वारा अपने पोषक क्षेत्र में अभियान चलाकर बच्चों और अभिभावकों को जागरूक किया गया। आयुष चिकित्सक श्री पाल ने बताया कि यह विशेष अभियान 24 फरवरी से 2 मार्च तक चलाया जाएगा, जिसके तहत विभिन्न विद्यालयों में बच्चों की जांच कर उन्हें एनीमिया मुक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## कूली बच्चों ने सीखे सेहत और एकाग्रता के गुर

**दुमका ।** जिले के मसलिया प्रखंड अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर मनोहरचक के पोषक क्षेत्र में मंगलवार को दस दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का उत्साहपूर्ण आगाज हुआ। मध्य विद्यालय मनोहरचक के प्रांगण में आयोजित इस शिविर में बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली और मानसिक विकास के लिए योग से जोड़ा गया। आरोग्य मंदिर की सीएचओ वंदना कुमारी और योगाचार्य केसरीनाथ के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस सत्र में विद्यार्थियों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। शारीरिक विकास और लंबाई बढ़ाने के लिए बच्चों ने ताड़ासन, सूर्य नमस्कार और पादहस्तासन की बारीकियां सीखीं। वहीं, पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ाने और मानसिक शांति के लिए उन्हें भ्रामरी एवं उद्गीत प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। योगाचार्य ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि नियमित योग न केवल शरीर को निरोग रखता है, बल्कि यह तनाव दूर कर पढ़ाई में मन लगाने में भी सहायक होता है। प्रभारी प्रधानाध्यापक अनूप दत्ता की देखरेख में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में माणिक कुमार पाल, देवाशीष दास और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधन ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक सराहनीय कदम बताया।

## दो हाईवा में टक्कर, चालक की मौत

**रामगढ़ :** रामगढ़ प्रखंड के महुबना के समीप बीते रात रामगढ़ गुहियाजोरी मुख्य मार्ग मे दो हाइवा की जोरदार टक्कर हो गई। इस भीषण टक्कर मे हाइवा चालक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरे हाइवा का चालक घायल हो गया है।स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि महुबना के पास तीखे मोड़ पर एक हाइवा जेएच 15 जेड 8186 पंचर हो गई थी। पंचर होने के बाद खड़ी हाईवा के चालक व उपचालक के द्वारा टायर बदलने का काम किया जा रहा था। अचानक देर रात्रि 11 बजे गुहियाजोरी की ओर से आ रही एक दूसरी हाईवा जेएच 15 एके 4731 ने खड़ी हाइवा को टक्कर मार दी। पूर्व से हाइवा का टायर बदल रहे चालक हाइवा की चपेट मे आ गया और घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।दोनों हाइवा गिट्टी से ओवरलोड था। घटनास्थल पर मौजूद एक पुलिसकर्मी ने बताया कि हाईवा के भीषण टक्कर में एक चालक की मौत हो गई है। रामगढ़ थाने के द्वारा शव को फिलहाल थाने में ही रखा गया है। खबर लिखे जाने तक पोस्टमार्टम हेतु भेजने की तैयारी चल रही थी। ग्रामीणों ने यह भी जानकारी दी की दोनों हाइवा मे केएच का लोगो लगा था जिससे यह प्रतीत होता है कि दोनों हाईवा एक ही मालिक के होने की संभावना हो सकती है।वहीं घायल हाइवा चालक का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ मे चल रहा है। बहरहाल रामगढ़ थाने की पुलिस मामले में जुट चुकी है।

## सड़क सुरक्षा अभियान : घायल की मदद करने पर मिलेंगे 2000 रुपये

**गोपीकांदर :** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत मंगलवार को गोपीकांदर थाना गेट के सामने सघन जागरूकता सह चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए जीवन बचाने की शपथ दिलाई गई। अभियान के दौरान थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैफिक सिग्नल का पालन, शराब पीकर वाहन न चलाना, सीट बेल्ट का प्रयोग और निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाना अनिवार्य है। उन्होंने विशेष रूप से 'नेक मददगार' बनने पर जोर देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने से घबराएं नहीं, कानून और झारखंड सरकार पूरी तरह आपके साथ है। यदि दो व्यक्ति किसी घायल को अस्पताल पहुंचाते हैं, तो उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप दो-दो हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इस दौरान दोपहिया और चार पहिया वाहनों की जांच भी की गई, जिसमें हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस और जरूरी कागजातों की पड़ताल हुई। बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के पाए गए चालकों को कड़ी हिदायत देकर छोड़ा गया। मौके पर एएसआई भारत भूषण सिंह, धर्मल मांझी, मुंशी बृजमोहन सिंह, सत्यम कुमार और कई सहायक पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## महिषबाथान में होली पर बिखरेगी बसंत की छटा, महिलाएं गाएंगी फागुन के गीत



**रानीश्वर।** महिषबाथान गांव में होली के अवसर पर बसंत उत्सव को लेकर हर्षोल्लास का माहौल है। गांव की महिलाओं ने इस उत्सव को भव्य बनाने के लिए एक विशेष बैठक आयोजित की, जिसमें आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। निर्णय लिया गया कि आगामी 3 मार्च को होली के दिन सुबह 6:00 बजे से ही उत्सव का आगाज हो जाएगा। इस दौरान गांव की महिलाएं और छोटे-बच्चे पारंपरिक गीत-संगीत के साथ पूरे गांव की परिक्रमा करेंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए बैठक में उपस्थित बरनाली मंडल, बरनाली कुनूई, अपर्णा कुनूई, अप्पू मंडल, तनुश्री मंडल, माना मंडल और गीता सरकार को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। गीत-संगीत की टोलियां बनाकर पूरे गांव में उत्साह का संचार किया जाएगा ताकि बसंत के इस पर्व को यादगार बनाया जा सके।

# दुमका बस स्टैंड गोलीकांड : पुलिस को 48 घंटे का अल्टीमेटम

## गिरफ्तारी न होने पर चक्का जाम और बाजार बंद की चेतावनी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका :** शहर के बस स्टैंड परिसर में व्यवसायी अरुण सिंह पर हुई अंधाधुंध गोलीबारी की घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों और विभिन्न संगठनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस घटना के विरोध में मंगलवार को दुमका बस स्टैंड में विभिन्न सामाजिक और व्यापारिक संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि पुलिस प्रशासन अगले 48 घंटों के भीतर अपराधियों को गिरफ्तार करने में विफल रहता है, तो पूरे जिले में बसों



का परिचालन ठप्प कर दिया जाएगा और दुकानें बंद कर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

बैठक में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक और व्यस्त स्थान पर अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े गोली चलाना कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इस घटना से न केवल बस ऑपरेटरों बल्कि आम यात्रियों और स्थानीय दुकानदारों में भी डर का माहौल है। संगठनों ने स्पष्ट किया कि पुलिस को अपराधियों तक पहुँचने के लिए पर्याप्त समय दिया गया है, लेकिन अब धैर्य जवाब दे रहा है। चेतावनी देते हुए संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि 48 घंटे की समय सीमा समाप्त होते ही बस पड़ाव से किसी भी बस को खुलने नहीं दिया जाएगा और शहर के व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी बंद रखे जाएंगे। इस अल्टीमेटम के बाद जिला प्रशासन और पुलिस पर हमलावरों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेजने का भारी दबाव बढ़ गया है। फिलहाल, बस स्टैंड क्षेत्र में तनाव को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है, लेकिन व्यापारियों की मांग केवल और केवल दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी है।

## इंजीनियरिंग कॉलेज में सुरक्षा सख्त, उपायुक्त ने परखा मतगणना का इंतजाम

**संवाददाता**

**दुमका।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के सफल संचालन को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अभिजीत सिन्हा ने मंगलवार को दुमका इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित बज्रगृह का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की बारीकियों को देखा और प्रतिनियुक्त अधिकारियों व सुरक्षा कर्मियों को कड़े निर्देश दिए।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि बज्रगृह परिसर की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अनावश्यक व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और परिसर में अतिरिक्त बैरीकेडिंग कराने का आदेश दिया। साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि सुरक्षा मानकों के पालन में जरा भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 27 फरवरी 2026 को होने वाली मतगणना के मद्देनजर उन्होंने समय से सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया। मतगणना स्थल पर बुनियादी संसाधनों की उपलब्धता, पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती और व्यवस्थित आवाजाही के लिए पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा गया है। इस दौरान सभी निर्वाची पदाधिकारी और उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



## बच्चा चोरी की अफवाह पर दो युवकों की पिटाई, पुलिस ने बचाया

**संवाददाता**

**हंसडीहा ।** थाना क्षेत्र के पगवारा गांव में बच्चा चोरी की अफवाह के चलते लगातार दो दिनों में दो युवकों की ग्रामीणों द्वारा पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। दोनों ही मामलों में समय रहते पुलिस ने हस्तक्षेप कर युवकों को भीड़ से बचाते हुए सुरक्षित थाना पहुंचाया।

पहली घटना सोमवार शाम की है। बच्चा चोर होने के संदेह में ग्रामीण महिलाओं ने एक युवक को पकड़ लिया। युवक के बंगाली भाषी होने के कारण वह अपनी बात स्पष्ट रूप से नहीं रख सका, जिससे ग्रामीणों का संदेह और गहरा गया। इसके बाद भीड़ ने उसकी पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर हंसडीहा पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को भीड़ से छुड़ाया।

पुलिस पूछताछ में युवक की पहचान सुजय कुमार मंडल (30 वर्ष), निवासी गोबराडोन, थाना खड़गपुर, जिला मिदनापुर (पश्चिम बंगाल) के रूप में हुई। उसने बताया कि वह बासुकीनाथ धाम में पूजा करने के बाद बैद्यनाथ धाम जा रहा था। किसी वाहन से हंसडीहा पहुंचने के बाद वह देवघर रोड की ओर पैदल जा रहा था, तभी पगवारा गांव में यह घटना घटी।

दूसरी घटना मंगलवार को पगवारा गांव के समीप हुई। यहां प्लास्टिक बोतल चुनने वाले एक युवक को बच्चा चोर समझकर ग्रामीणों ने पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को सुरक्षित थाना लाया। उसकी पहचान श्रवण कुमार तांती, ग्राम कटायीलेटा, थाना बंधुवाकुरा, जिला बांका के रूप में हुई।



## बाल विवाह रोकने को प्रशासन सख्त, जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**संवाददाता**

**रामगढ़ (दुमका)।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को रामगढ़ प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में ग्राम ज्योति एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेंद्र कुमार सिन्हा और धोबा पंचायत की मुखिया ज्योति देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ कमलेंद्र कुमार सिन्हा ने स्पष्ट कहा कि बाल विवाह एक गंभीर कानूनी अपराध है। इसमें दो वर्ष तक के कठोर कारावास और एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने मैरिज हॉल संचालकों, टेंट व्यवसायियों, बैंड-बाजा कर्मियों, कैटर्स तथा पंडित, मौलवी और पादरी जैसे धार्मिक कार्य कराने वाले लोगों को भी चेतावनी दी कि वे विवाह से पहले वर-वधू की आयु की जांच अवश्य करें। नियमों का उल्लंघन होने पर सभी संबंधित लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार विवाह के लिए वधू की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और वर की 21 वर्ष निर्धारित है। इससे कम आयु में होने वाला विवाह कानूनन अपराध माना जाता है।

प्रशासन ने आम लोगों से अपील की कि वे बाल विवाह की सूचना देने में सहयोग करें। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। इसके लिए चाइल्डलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन 112 और जेआरसी हेल्पलाइन 18001027222 के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों के मोबाइल और व्हाट्सएप नंबर पर भी सूचना दी जा सकती है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रखंड स्तर पर कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जिसके माध्यम से बीडीओ, अंचल अधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, थाना प्रभारी और पंचायत



सचिवों से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। साथ ही पंचायत भवनों और सार्वजनिक स्थलों पर टोल फ्री नंबर प्रदर्शित करने और गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। कार्यशाला में मुखिया ज्योति देवी, नीति आयोग के अमलेश कुमार, ग्राम ज्योति संस्था के मुकेश दूबे और ज्योति चौधरी, बाल विकास परियोजना की अपर्णा कुमारी सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर रीमा दत्ता, तारा प्रसाद, बीपीओ आनंद शंकर मुर्मू, पंचायत सचिव, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन, प्रधान, वार्ड सदस्य तथा विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु मौजूद रहे।

## नगरपालिका चुनाव: बारीकियों को सीख मतगणना के लिए 'रेडी' हुए कार्मिक

**संवाददाता**

**दुमका ।** नगरपालिका आम निर्वाचन-2026 की शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए दुमका जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को 27 फरवरी को होने वाली मतगणना को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से कन्वेंशन सेंटर में मतगणना कर्मियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिनियुक्त काउंटिंग सुपरवाइजर और काउंटिंग असिस्टेंट को मतगणना की पूरी प्रक्रिया के बारे में तकनीकी और व्यवहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने मतगणना कक्ष की सुव्यवस्थित व्यवस्था से लेकर टेबलवार निर्धारित दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कर्मियों को विशेष रूप से बैलेट बंडल की सील जांच करने, प्रत्येक राउंड के बाद मतों की घोषणा करने और अभ्यर्थियों के अधिकृत एजेंटों की उपस्थिति में कार्य करने की प्रक्रिया समझाई गई। इसके साथ ही अंतिम परिणाम पत्रक तैयार करने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर भी विशेष मार्गदर्शन दिया गया।

प्रशिक्षण कोषांग के पदाधिकारियों ने सख्त लहजे में निर्देश दिया कि मतगणना के दिन सभी कर्मी निर्धारित समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि मतगणना जैसे संवेदनशील कार्य को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न करना प्रशासन की प्राथमिकता है, इसलिए सभी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें। इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रशिक्षण कोषांग के सहायक नोडल पदाधिकारी और ईडीएम दुमका समेत निर्वाचन से जुड़े कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसांईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मित्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686